# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 21 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 14 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 16 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ 40 रंगों की दीवारों से बना है अमेरिका का प्रोविडेंस कैन्यन स्टेट पाके

फराह खाना ने सलमान खान से की बाबा रामदेव की तुलना ◀◀ 6


# जीएसटी की नई दरें कल से होंगी लागू,सस्ते होंगे सामान

## पनीर, घी, साबुन, शैंपू के साथ कार,एसी की कीमतें घटीं



**संवाददाता**

**नई दिल्ली :** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें नवरात्रि के पहले यानी सोमवार से लागू होने जा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में खाने-पीने से लेकर टीवी, एटी, फ्रिज और गाड़ियों के दामों में बड़ी कमी आएगी और पहले के मुकाबले अधिक सस्ती हो जाएंगी।

नए जीएसटी फ्रेमवर्क के अंतर्गत मौजूदा टैक्स स्लैब की संख्या चार - 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत से घटकर दो- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह जाएगी। इसके साथ ही सरकार ने कई ऐसी चीजों पर टैक्स को घटाकर शून्य कई दिया है, जिन पर पहले 5, 12 या 18 प्रतिशत का टैक्स लगता है। वहीं, लग्जरी और सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत का टैक्स निर्धारित किया गया है।

जीएसटी सुधार के तहत 22 सितंबर से अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) मिल्क, पनीर, छेना (प्री-पैकेज्ड और लेबलड), पिज्जा ब्रेड, खाखरा, चपाती या रोटी, पराठा, कुल्चा और अन्य ब्रेड पर जीएसटी की दर घटकर शून्य हो जाएगी, जिन पर पहले 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था।

इसके अलावा मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन और स्टेशनरी आइटम्स (शार्पनर, कॉपी, नोटबुक, पेंसिल और अन्य उत्पाद) पर भी टैक्स 12 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। वहीं, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर भी टैक्स को शून्य कर दिया गया है, जो कि पहले 18 प्रतिशत था।

इसके अलावा सरकार ने एसी और फ्रिज आदि पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, गाड़ियों पर टैक्स में कटौती की गई है। 350 सीसी और उससे कम की बाइक पर अब जीएसटी घटकर 18 प्रतिशत हो गया है, जो कि पहले 28 प्रतिशत था।

वहीं, 1200 सीसी और 4 मीटर से कम की पेट्रोल गाड़ियों और 1500 सीसी और 4 मीटर से कम की डीजल गाड़ियों पर टैक्स घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। इससे ऊपर के सेगमेंट और क्षमता वाली गाड़ियों पर अब 40 प्रतिशत का टैक्स लगेगा, जो कि पहले करीब 50 प्रतिशत होता था। सरकार भी उद्योगों से अपील कर चुकी है कि जीएसटी कटौती का फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर करें।

ऑटोमोबाइल सेक्टर की करीब सभी बड़ी कंपनियां अपने उत्पादों के दाम करके जीएसटी कटौती का फायदा ग्राहकों को देने का ऐलान कर चुकी हैं। वहीं, वोल्टास, डायकिन, गोदरेज एप्लायंसेज, पैनासोनिक और हायर जैसी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां एसी और टीवी आदि की कीमतें कम कर चुकी हैं। दूसरी अमूल और मदर डेयरी भी जीएसटी कटौती का फायदा ग्राहकों को देने का ऐलान कर चुकी हैं और दूध से लेकर आइसक्रीम और फ्रोजन फूड के दाम घटाने का फैसला किया है।

## पीएम मोदी आज शाम पांच बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित, जीएसटी सुधारों पर कर सकते हैं बात



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पांच बेजे राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं, हालांकि उनके संबोधन को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। माना जा रहा है कि इस दौरान प्रधानमंत्री जीएसटी सुधारों पर जानकारी दे सकते हैं। देश में कल 22 सितंबर से नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है, इसे लेकर भी पीएम मोदी चर्चा कर सकते हैं।

बता दें कि केंद्र सरकार ने अभी हाल ही में जीएसटी 2.0 के तहत कई उत्पादों पर जीएसटी की दरों में कटौती की है। अब सिर्फ 2 जीएसटी स्लैब 5% और 18% ही रखे गए हैं, जबकि 12 फीसदी और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को खत्म कर दिया गया है। 12 फीसदी टैक्स स्लैब में शामिल ज्यादातर प्रोडक्ट्स को 5 फीसदी स्लैब की कैटेगरी में रखा गया है, जबकि 28 फीसदी वाले ज्यादातर प्रोडक्ट्स को 18 फीदी वाले स्लैब में रखा गया है। वहीं, कई प्रोडक्ट्स पर जीएसटी रेट को शून्य कर दिया गया है। नया टैक्स स्लैब कल 22 सितंबर से लागू हो जाएगा।

## व्यक्ति की सड़ी-गली लाश बरामद, हत्या की आशंका! इलाके में फैली सनसनी

**रांची:** राजधानी रांची से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में उसके घर पर मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला जिले के चुटिया रेलवे कॉलोनी स्थित एक घर का है। यहां 31 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में उसके घर पर मिला। पुलिस के मुताबिक शव चार दिन पुराना लग रहा है और उसे पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम द्दष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उसे क्रूरतापूर्वक पीटा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मृतक के परिवार ने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। शिकायत दर्ज होने के बाद हम अपनी जांच शुरू करेंगे।

## कबड्डी मैच के दौरान दर्दनाक हादसा करंट से तीन की मौत, तीन घायल



**कोंडागांव:** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के बडेराजपुर ब्लॉक में कबड्डी मैच के दौरान अचानक तेज आंधी-तूफान आने से मैदान में लगा टेंट हाई टेंशन तार के संपर्क में आने पर करंट लगने से एक खिलाड़ी सहित तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कल रात करीब 10 बजे गांव में चल रहे एक कबड्डी मैच के दौरान अचानक तेज आंधी आई। इस दौरान मैदान में लगा टेंट तेज हवा के कारण ऊपर उठा और हाई-टेंशन तार से जा टकराया। इसकी वजह से टेंट के संपर्क में आए कई दर्शक और खिलाड़ी करंट की चपेट में आ गए।

इस हादसे में कम से कम छह लोग करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत नजदीकी विश्रामपुरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया अन्य तीन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उस वक्त मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे, इसलिए घायलों की संख्या और बढ़ सकती है। इस घटना ने पूरे गांव के उत्साह और जश्न को मातम में बदल दिया।

## शव बरामद

**रांची:** पिछले दो दिन से लापता जेपी मार्केट धुर्वा विद्यानगर निवासी ऋतिक कुमार का शव हटिया डैम में मिला।

## पीएलएफआई ने खनन कंपनियों और गाड़ी मालिकों को दी धमकी

**रांची:** झारखंड में सक्रिय उग्रवादी संगठन पीएलएफआई यानी पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया ने एक बार फिर खनन कंपनियों और गाड़ी मालिकों को सीधी धमकी दी है। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 20 से 30 सितंबर 2025 तक कोयला खनन का काम पूरी तरह बंद रहेगा। प्रेस विज्ञप्ति संगठन के जोनल कमिटी सदस्य श्रवन के नाम से जारी की गयी है। विज्ञप्ति में संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि इस दौरान एनटीपीसी, सीसीएल, बीजीजार, रितवीक, चंद्रगुप्त, एलेन्टी समेत सभी खनन कंपनियां अपना काम बंद रखें। साथ ही गाड़ी एसोसिएशन के अध्यक्षों और वाहन मालिकों को आदेश दिया गया है कि वे इस अवधि में ड्राइवरों को गाड़ी लेकर खदान में न भेजें।

## चुटूपालू घाटी में पलटी पर्यटन विभाग की बस, सड़क पर लगा लंबा जाम

**संवाददाता**



**रामगढ़:** राजधानी रांची के रामगढ़ स्थित चुटूपालू घाटी में आज रविवार की सुबह पर्यटन विभाग की बस पलट गयी। बस पलटने से सड़क पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार बस (एच05 बी एक्स 1673) का कल रात घाटी में ब्रेकडाउन हो गया था। आज सुबह जब मरम्मत का कार्य शुरू किया गया, तो अचानक बस लुढ़ककर पलट गयी। गनीमत रही कि बस में कोई नहीं था। इस कारण किसी के जान को कोई खतरा नहीं हुआ। क्रेन के सहायता से बस को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। फोर लेन का एक रूट क्लियर हुआ है।

**अनियंत्रित होकर पलटी बसः** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार की रात से बस घाटी में खड़ी थी। आज रविवार की सुबह बस में खराबी ठीक करने के लिए काम शुरू किया गया। मैकेनिक ने जैसे ही काम शुरू किया, अचानक बस घाटी में लुढ़कने लगी और अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस पलटते ही सड़क जाम हो गयी। रामगढ़ और रांची दोनों ही ओर से गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी।

**बाल-बाल बचा मोटरसाइकिल सवार युवकः** इधर जैसे ही बस लुढ़क कर घाटी की ओर पलटने वाला था पास से एक मोटरसाइकिल गुजर रहा था। गनीमत रही कि मोटरसाइकिल सवार युवक गाड़ी छोड़ वहां से भाग निकला, जिससे उसकी जान बची। वहीं मोटरसाइकिल बस के नीचे आ गया। युवक पूरी तरह सुरक्षित है। क्रेन से ट्रक को किनारे किया गया है। दोनों ओर से जो गाड़ी फंसी हुई है। सामान्य होने में अभी थोड़ा समय लगेगा।

## एशिया कप : भारत-पाक महामुकाबले से पहले बढ़ा तनाव पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने की गिरी हरकत, मचा बवाल



**दुबई :** एशिया कप 2025 में आज (21 सितंबर) होने वाले भारत-पाकिस्तान के हाई-वोल्टेज सुपर-4 मुकाबले से पहले माहौल गरमा गया है। दुबई में अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों द्वारा कथित तौर पर भड़काऊ नारे लगाने का मामला सामने आया है, जिसने पहले से मौजूद तनाव को और हवा दे दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुबई की आईसीसी अकादमी में प्रैक्टिस के दौरान पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों ने 6-0, 6-0 के नारे लगाए। इन नारों को हाल ही में हुए एक सैन्य टकराव से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तानी वायुसेना ने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया था। बताया जा रहा है कि इस नारे की शुरूआत तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने की, जिसके बाद अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल हो गए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें रऊफ को 6-0 का इशारा करते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि दोनों टीमों के बीच तल्खी ग्रुप स्टेज मैच से ही बनी हुई है, जिसे भारत ने 7 विकेट से जीता था। उस मैच के बाद हैंडशेक विवाद देखने को मिला था। दरअसल, अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस का बहिष्कार कर दिया था। विवाद यहीं नहीं थमा। पाकिस्तान ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने दो बार खारिज कर दिया। अब आज होने वाले सुपर-4 मुकाबले के लिए भी उन्हीं को मैच रेफरी नियुक्त किया गया है, जिससे टकराव की आशंका और बढ़ गई है। इस नए नारेबाजी विवाद ने क्रिकेट के इस महामुकाबले को एक बार फिर खेल के मैदान से बाहर भी चर्चा का केंद्र बना दिया है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष मैंने रुकवाया, सात नोबेल शांति पुरस्कार मिलने चाहिएः डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा कर सनसनी फैला दी है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़े संघर्ष को होने से रोका था। उन्होंने कहा कि व्यापार की ताकत का इस्तेमाल कर उन्होंने इस साल की शुरूआत में दोनों परमाणु-संपन्न पड़ोसियों को शांत किया था। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि दुनिया भर में सात युद्धों को समाप्त करने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, आज विश्व मंच पर अमेरिका का बहुत सम्मान है। हम शांति समझौते करा रहे हैं और युद्धों को रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका।ह्व ट्रंप ने अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए कहा, सोचिए, भारत और पाकिस्तान और आप जानते हैं कि मैंने इसे कैसे रोका? व्यापार से। वे व्यापार करना चाहते हैं। और मैं दोनों नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं।

ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने कुल सात संघर्षों को रोका है। उन्होंने कहा, देखिए, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसोवो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो, हमने इन सभी को रोका। उन्होंने यह भी बताया कि इनमें से 60% संघर्ष व्यापार के कारण ही रुके।

भारत को दी गई अपनी चेतावनी को याद करते हुए ट्रंप ने कहा, मैंने भारत से कहा था, देखो, अगर तुम लोग लड़ोगे तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं, जिससे स्थिति की गंभीरता का पता चलता है।

नोबेल पुरस्कार पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि अगर वे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को रोक दें, तो उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया, तो बाकी सात के बारे में क्या? मुझे हर एक के लिए नोबेल मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लगता था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाना सबसे आसान होगा क्योंकि राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनके अच्छे संबंध थे, लेकिन उन्हें निराशा हुई।

## सीजफायर तोड़ एलओसी पर 40 मिनट तक पाकिस्तान ने फिर की अंधाधुंध गोलीबारी, भारतीय सेना ने किया पलटवार



**नई दिल्ली:** सऊदी अरब के साथ हुए रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सीजफायर का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी सेना ने 40 मिनट तक लगातार भीषण गोलीबारी की जिसके बाद भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की एक निगरानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचा है।

**क्या है पूरा मामला? :** पाकिस्तान ने यह हमला जम्मू-कश्मीर के उस क्षेत्र में किया जहां दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने होती हैं। पाकिस्तानी सैनिकों ने छोटे हथियारों और मोर्टार से भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और प्रभावी ढंग से जवाब देते हुए पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की एक प्रमुख निगरानी चौकी को काफी नुकसान पहुंचा है जिससे वहां की गतिविधियों पर रोक लगी है।

**रक्षा समझौते के बाद क्यों किया हमला? :** पाकिस्तान का यह कदम ऐसे समय में आया है जब वह एक दिन पहले ही सऊदी अरब के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। इस समझौते के तहत सऊदी अरब ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता और सहयोग देने का वादा किया है। विश्लेषकों का मानना है कि इस समझौते के बाद पाकिस्तान ने भारत को उकसाने और अपनी नई सैन्य ताकत का प्रदर्शन करने की कोशिश की है। यह घटना दर्शार्ती है कि सीमा पर तनाव अभी भी बना हुआ है।

**भारत का कड़ा रुखः** भारत ने हमेशा की तरह अपनी सीमा पर किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई का कड़ा जवाब देने की नीति अपनाई है। भारतीय सेना के जवानों ने इस हमले का बहादुरी से सामना किया और पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है जिससे उसके नापाक इरादे नाकाम हो गए।

न्यूज IN ब्रीफ



## कंप्यूटर शिक्षा से ग्रामीण बच्चे बन रहे हैं स्वावलंबी: ज्योति डोडराय

**मुरहू:** आधुनिक दौर में कंप्यूटर शिक्षा की अनिवार्यता को देखते हुए मुरहू प्रखंड के ग्रामीण छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की पहल की जा रही है। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूटीं के माध्यम से 40 छात्र-छात्राओं को यह शिक्षा दी जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार को संस्थान में डिप्लोमा कोर्स पूरा कर चुके इन 40 बच्चों की दो पालियों में कंप्यूटर दक्षता जांच परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान मुरहू प्रखंड की मुखिया ज्योति डोडराय पर्यवेक्षक के रूप में मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में कंप्यूटर के बिना शिक्षा अधूरी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कंप्यूटर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए खुद को तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा छात्रों को स्वावलंबी बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

संस्थान के संस्थापक सह निदेशक सकलदीप भगत ने बताया कि परीक्षा में शामिल सभी बच्चों के बीच अगले महीने तक प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य ग्रामीण बच्चों को डिजिटल युग से जोड़ना है। अभी संस्थान में नामांकन जारी है। इस मौके पर जन शिक्षण संस्थान विकास भारती के मोबिलाइजर धर्मेंद्र, शिक्षिका गीता कुमारी तथा सावित्री कुमारी भी उपस्थित थे।

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**चतरा:** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में जिला ओलम्पिक संघ के सहयोग से जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को 20 से 27 सितंबर तक आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह और उपायुक्त कृतिश्री जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कुमार उज्ज्वल,जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, उपविकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिंहा,आरक्षी अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल,जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार,जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम,जिला ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा,सचिव राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी,सांसद प्रतिनिधि प्रफुल्ल पांडे तथा विधायक प्रतिनिधि विनय कुमार उपस्थित थे।अतिथियों द्वारा मशाल/दीप प्रज्वलित और गुब्बारा उड़ाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर,पौधा और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन में एडीपीओ राकेश पांडेय, एपीओ विनय कुमार जायसवाल, शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार,अबोध कुमार,राघवेंद्र चौधरी,सुबीर कुमार,जिला बॉलीबॉल संघ के संयुक्त सचिव सह तकनीकी पदाधिकारी मो शाहबान समेत अन्य शारीरिक शिक्षक अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर निकाला गया विरोध मार्च



**रांची:** पूर्व घोषित कार्यक्रम के आह्वान पर आदिवासी बचाओ मोर्चा सहित विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा कुर्मी कुड़मी समाज द्वारा अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग के विरोध में मोरहाबादी मैदान से अल्बर्ट का चौक तक विरोध मार्च किया गया। जिसमें केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या उपस्थित होकर आदिवासी एकता का परिचय दिया। मुख्य पहान श्री जगलाल पहान ने कहा कि आदिवासियों को रळ परिवार में जन्म लेना पड़ता है ना कि आदिवासी बना जाता है। आदिवासियों का अपना रूढ़िवादी परंपरा है जिसे जन्म से लेकर मृत्यु तक पहान के द्वारा कार्यक्रम कराया जाता है। जबकि कुर्मी कुड़मी अपना जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में पंडित एवं ब्राह्मणों के द्वारा कराते हैं।न की रूढ़िवादी परंपरा से वहां के द्वारा करते हैं इसलिए आदिवासी नहीं बन सकता है।आदिवासी को आदिवासीयों को आदिवासी परिवार में पैदा होना पड़ता है और रूढ़िवादी परंपरा का पालन करना पड़ता है। केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा ने कहा कि कुर्मी और कुड़मी झारखंड में आदिवासीयों का आरक्षण एवं राजनीति लाभ लेने के लिए आदिवासी बनना चाहती है। अश्वैधानिक तरिके से रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार मौन क्यों?। श्री बबलू मुंडा ने कहा कि किसी भी हाल में कुर्मी कुड़मी समाज को आदिवासी मे शामिल नही होने देंगे। आदिवासी समाज को छेड़ने का काम न करें नही तो भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कन्हू, चांद भैरव, वीर बुधु भगत, तेलंगा खड़िया, झारखंड के वीर शहीदों के तर्ज पर उलगुलान होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा, मुख्य पहान श्री जगलाल पहान,शिवधन मुंडा,रांजन मुंडा, राजेश पहान,अमर मुंडा, मुन्ना हेमरोम, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, जागेश्वर मुंडा दरिद्र पहान, मनीष उरांव, लाल महली, अंजन मुंडा विशाल मंडा रोहित मुंडा पीयूष मुंडा महादेव मुंडा नरेश मुंडा अंजू मुंडा देवंती मुंडा अंकित मुंडा विशाखा मुंडा आकृति मुंडा रोशनी मुंडा गुनगुन मुंडा आनंद मुंडा कुलदीप पहान राजू लिंडा अविनाश कुमार सोमा उरांव आनंद पहान आदि उपस्थित थे।

# पुलिस एनकाउंटर में मारा गया झारखंड और बिहार का मोस्ट वांटेड अपराधी उत्तम यादव

### बिहार सरकार ने रखा था 50 हजार का इनाम





संवाददाता

**चतरा:** हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। चतरा जिले में शनिवार शाम को हुई मुठभेड़ में पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर उत्तम यादव को मार गिराया। उत्तम यादव लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। हाल ही में हजारीबाग के श्री ज्वेलर्स गोलीकांड तथा धमकी भरे वीडियो के कारण वह सुर्खियों में आया था।पुलिस ने चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा जबरा रोड पर हुई मुठभेड़ में उसे ढेर कर दिया। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने मुठभेड़ की पुष्टी करते हुए बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस दल सड़क पर डेरा डाले हुए था। तभी अपराधी ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। एसपी ने कहा कि इस दौरान हुई मुठभेड़ में उत्तम यादव मारा गया। हमने अपराधी द्वारा इस्तेमाल किया गया हथियार और बाइक बरामद कर ली है। एसपी ने बताया कि यादव चतरा, हजारीबाग और बिहार के विभिन्न शहरों में विभिन्न अपराधों के लिए वांटेड था। उन्होंने आगे कहा कि बिहार सरकार ने उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।चतरा के सुरही मोहल्ला निवासी उत्तम यादव जून में एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की नजर में आया था। वीडियो में वह एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) लिए हुए दिखाई दे रहा था और उसने हजारीबाग में एक ज्वैलरी की दुकान पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी।उसने कथित तौर पर एक पुलिस दल पर हमला भी किया था और इलाके के रंगदारी के लिए कोयला व्यापारियों को धमकाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# फेसबुक पर हुई दोस्ती, शादी का झांसा देकर किया शोषण, फिर हत्या



संवाददाता

**खूंटी:** सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली दोस्ती के खतरनाक परिणामों को एक बार फिर चिंताजनक सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। मालगो गांव की एक युवती, सरस्वती की उसके पूर्व प्रेमी ने सरेआम चाकू मारकर हत्या कर दी। प्रेमी ने सरस्वती को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण किया और फिर उसे शारीरिक प्रताड़ना दी थी।

घटना की शुरूआत फेसबुक पर दोस्ती से हुई। जिसके बाद रांची के मालगो गांव का प्रेमचंद उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। वहां उसके साथ मारपीट की और उसे प्रताड़ित किया। छह सितंबर को किसी तरह वह भागकर मायके लौटी, लेकिन चोट और दर्द से टूटी हुई थी। उसी बीच प्रेमचंद गांव पहुंचा और दौड़ाकर सरस्वती पर चाकू से वार कर दिया। कमर के दर्द से भाग न सकी सरस्वती की सांसें वहीं थम गईं। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। आरोपी प्रेमचंद साहू ने सरस्वती कुमारी नाम की अपनी प्रेमिका पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी के बाद घायल सरस्वती को तुरंत उपचार के लिए रेफरल अस्पताल, तोरपा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी होने पर तपकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के परिजनों से बयान दर्ज किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, खूंटी भेज दिया है। घटना के बाद आरोपी प्रेमचंद मौके से पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी प्रेमचंद का कुमान्ग गांव में लगातार आना-जाना था और वह पिछले एक सप्ताह से वहीं रह रहा था। मृतका सरस्वती कुमारी स्वर्गीय रंथु कांशी की बेटी थीं। घटना से पूरे इलाके में सदमा है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है और आरोपी की तलाश जारी है। सरस्वती की हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त प्रेमचंद साहू को घटना के सात घंटे के भीतर ही पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। मलगो निवासी प्रेमचंद साहू पर सरस्वती की हत्या का आरोप है। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस को उसके ठिकाने की सूचना मिलते ही तपकरा और तोरपा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान तपकरा थाना प्रभारी शनिवार की सुबह कोर्ट के कार्य से जमशेदपुर गए हुए थे, लेकिन इस घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत वापस लौट आए। थाना प्रभारी रास्ते में ही मामले पर नजर रखते हुए ऑपरेशन को निर्देशित कर रहे थे। तोरपा थाना क्षेत्र के झंटगीटोली के पास, भागने का प्रयास कर रहा अभियुक्त प्रेमचंद पुलिस के जाल में फंस गया। उसे गिरफ्तार कर तत्काल पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हत्या के बाद प्रेमचंद ने एक और हथियार खरीदा था। उसने पुलिस या किसी और द्वारा पकड़े जाने पर उस हथियार के दम पर डरा कर भागने की योजना बनाई थी। इस गिरफ्तारी अभियान में तपकरा थाना प्रभारी नितेश गुप्ता, पुअनि श्यामल कुम्भकार, तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम और सशस्त्र बल के जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस मामले की तहकीकात में लगी हुई है।



## दुगार्पूजा व विजयादशमी के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिए सुरक्षा के कड़े निर्देश

**खूंटी:** जिले में दुगार्पूजा एवं विजयादशमी के सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था कायम रखने और सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।

इस वर्ष जिले में 22 सितंबर को कलश स्थापना, 29 सितंबर को महासप्तमी, 30 सितंबर को महाअष्टमी, 1 अक्टूबर को महानवमी एवं 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ ही रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होने का प्रस्ताव है।

श्रीमती रॉनिटा ने सभी अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में आयोजित होने वाली दुगार्पूजा समितियों, लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी पूजा पंडालों तथा रावण दहन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली और थानेवार आयोजित शांति समिति की बैठकों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। पंडालों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग की पहचान तथा अग्निशामक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मूर्ति विसर्जन के दौरान विसर्जन तालाब में जल स्तर की जांच, बैरिकेडिंग, गोताखोर और लाइफ जैकेट की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। यातायात व्यवस्था, विसर्जन मार्ग एवं समय का पूर्व निर्धारण किया जाए। रावण दहन स्थल पर पर्याप्त बैरिकेडिंग और विद्युत तारों की मरम्मत की व्यवस्था की जाए। जिला कंट्रोल रूम, थाना नंबर और अन्य आपातकालीन नंबरों को सक्रिय रखा जाए और इन नंबरों की जानकारी सभी पूजा पंडालों में प्रदर्शित की जाए। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पेयजल की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सदर अस्पताल, सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों को त्योहारों के दौरान पूरी तरह से सक्रिय रखा जाए और चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए उत्पाद अधीक्षक को जांच एवं जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समन्वय के साथ कार्य करें और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी वरुण रजक, डीएसपी मुख्यालय, सिविल सर्जन, डीसीएलआर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी फ्लाई एश लोडिंग के पास अज्ञात अपराधियो ने की ताबड़तोड़ फायरिंग







- अमन साहू गैंग का धमकी भरा पर्चा मिलने से दहशत
- गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के राहुल सिंह ने ली जिम्मेदारी

संवाददाता

**चतरा:** जिले के टंडवा के थाना क्षेत्र में एनटीपीसी फ्लाई एश लोडिंग के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात अपराधियो ने फायरिंग की हैं ।जहां अपराधियो ने एक हाइवा को निशाना बनाते हुए फायरिंग की है । मिली जानकारी के अनुसार संध्या साढ़े पांच बजे के करीब ब्लू अपाची से तीन नकाबपोश अपराधी फ्लाई एश लोडिंग क्षेत्र के आए और दो हाइवा को टारगेट कर फायरींग शुरू कर दी । एक हाइवा के केबिन के गोली मारी गई जिसमें चालक बाल बाल बच गया । हाइवा जेएच 02 बीटी 7256 जिसमें एक गोली मारी गई,वह टंडवा निवासी सूरज कुमार का बताया गया जिसमें ड्राइवर भी था, वही जेएच 02 बीटी 4797 प्रकाश राणा का है जिसमें पांच गोली मारी गई। दोनों हाइवा फ्लाई एश ढुलाई का काम करता है, घटना के बाद अपराधियो ने एक पर्चा अमन साहू गैंग के नाम से छोड़ा है, जिसमें लिखा है कि राहुल सिंह,अमन साहू गैंग से जो बिना मैनेज करे काम करेगा उसका यही हाल होगा, हर बार की तरह खोपड़ी खोल दिया जाएगा, पर्चे में अमन साहू गैंग आजाद सरकार से जुड़े राहुल सिंह ने घटना की जिम्मेवारी ली है।इधर घटना के बाद छः खोखा व तीन जिंदा कारतूस मिलने की सूचना है, हालांकि पुलिस द्वारा कितने खोखे बरामद की गई है उसकी पुष्टि नही की गई है।थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि गोली चली है जांच जारी है। इधर मामले को लेकर पुलिस द्वारा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल का जायजा लिया ।

## उदय शंकर ओझा की पुण्यतिथि मनी गरीबों के बीच बांटा गया भोजन



**रांची:**कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सचिव औद्योगिक क्षेत्र दीपेश पाठक बाबा की अध्यक्षता में विगत नौ वर्षों से निरंतर मजदूरों के मसीहा हर धर्म हर वर्ग को एक मोती के धागे में पिरो कर चलने वाले दबे कुचले मजदूर की आवाज बनकर उभरने वाले मेरे आदर्श गुरुजी स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की नौवीं पुण्यतिथि पर रांची रेलवे स्टेशन परिसर में दीपेश पाठक बाबा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। जिसमें रांची रेलवे स्टेशन परिसर में अपने साफ सफाई कर्मचारी यूनियन में काम कर रहे मजदूरों को भोजन पैकेट दिया गया साथ में उन्होंने अपने नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया । दीपेश पाठक ने कहा गुरु जी की नौवीं पुण्यतिथि पर यह विश्वास नहीं होता कि हम लोगों के बीच अब नहीं है उनके बताए हुए मार्ग पर चलना हर वर्ग के मजदूरों दबे कुचले नआ की आवाज बनना ही संकल्प के साथ वह निरंतर गुरु जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे हैं मौके पर मुख्य रूप से दहेज मुक्त झारखंड के नितेश पाठक मक्खन बादल कुमार विनय दुबे उर्फ पहलवान भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवम कुमार सिंह झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैंकी सिंह भारद्वाज अनुज कुमार विकेश कुमार अनुज कुमार मोहन पाल आयुष कुमार, रवि श्रीवास्तव,शुभम गिरी, चंदन साव,कुनाल भोक्ता व अन्य उपस्थित थे।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर बैठक, हुई चर्चा

संवाददाता

रांचीः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के जीवीआई कैम्पस, नामकुम में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने की। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के नोडल ऑफिसर्स उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों की प्रति दिवस प्रति कैंप फुटफॉल का विस्तृत विश्लेषण किया गया तथा इसे और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस रणनीतियों एवं निर्देशों पर चर्चा हुई। अभियान निदेशक,




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिविर में अधिकतम महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जन-जागरूकता गतिविधियों को और व्यापक बनाया जाए, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाएं इस अभियान से सीधे लाभान्वित हो सकें।प्रत्येक जिले के अधिकारियों को समयबद्ध रिपोर्टिंग और वास्तविक आंकड़ों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए पंचायत स्तर तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड का यह अभियान महिला स्वास्थ्य और पोषण सुधार के साथ-साथ उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से राज्य भर में लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस में बैठक सभी जिलों के एसआरएम टीम के नोडल अधिकारियों सहित परामर्शी उपस्थित थे।

## स्वस्थ नारी अभियान के तहत 51 हजार से अधिक लोग हुए लाभान्वित

रांची : सिविल सर्जन ऑफिस रांची के अनुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत जिले में अब तक 1594 शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन शिविरों में 51,000 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविरों के दौरान की गई प्रमुख स्वास्थ्य जांच में हाईपरटेंशन जांच 24,562, डायबिटीज जांच 28,284, कैंसर ओरल स्क्रीनिंग 14,163, कैंसर सर्वाइकल स्क्रीनिंग 3,938, कैंसर ब्रेस्ट स्क्रीनिंग 8,891, टीबी स्क्रीनिंग 4,822 और सिकल सेल स्क्रीनिंग 8,980 शामिल रही। इसके अलावा एएनसी चेकअप 4,022, टीकाकरण 3,944, एचबी टेस्ट 6,465 और ब्लड डोनेशन सेवा 171 लोगों को उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच सेवाओं के अतिरिक्त एबीडीएम (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) कार्ड 1,819 और आभा कार्ड 2,977 जारी किए गए। वहीं, परामर्श सेवाओं के अंतर्गत 12,602 लोगों को पोषण संबंधी परामर्श और 8,641 महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी परामर्श दिया गया। अन्य सेवाओं का लाभ 6,829 लोगों ने लिया।

# रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला सहित तीन गिरफ्तार



मेट्रो रेज

**रांचीः** लालपुर थाना क्षेत्र के कारोबारी से रंगदारी मांगने के मामले में राँची पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर प्रिंस खान का 40 लाख रुपया का करीब 400 ग्राम सोना जब्त किया है। साथ ही गिरोह से जुड़े मो मुर्शीद, नेयाज अली और रोजी परवीन को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। प्रिंस खान दुबई में बैठकर राँची सहित कई अन्य ज़िलों के व्यापारियों से करोड़ों रुपये की रंगदारी मांग रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ़्तार किया।

# थैलेसीमिया पीड़ितों की समस्याओं पर हुई परिचर्चा चार अक्टूबर को निकलेगा जागरूकता मार्च

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन रांची व लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची द्वारा राज्य के थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों/परिजनों संग झारखंड राज्यस्तरीय परिचर्चा संत जोसेफ क्लब हॉल रांची में की गयी।

परिचर्चा में रांची के सुदूर क्षेत्रों एवं शहरी इलाकों सहित गुमला, खूंटी,लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, पलामू जिला के पीड़ितों एवं परिजनों के संग पांचवीं बैठक हुई।

परिचर्चा के मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं विशिष्ट अतिथि आदिवासी अधिकार मंच झारखंड के राज्य संयोजक सुखनाथ लोहरा, दिव्यांगजनों पर कार्यरत बिरसा कल्याण उत्थान संस्थान के संस्थापक दिव्यांगजनों के प्रेरणास्रोत दिव्यांग राजू जी, विधायक कांके रांची के प्रतिनिधि शमीम बरिहार उपस्थित थे!

सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं झारखंडी अंगवस्त्र देकर पीड़ित सोनम कुमारी एवं पीड़िता साक्षी सिंह ने किया। परिचर्चा में झारखंड से थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया पर जनजागरुकता फैलाने और इस रक्त विकृत बीमारी को झारखंड से भागने,थैलेसीमिया/सिकल सेल को समय ब्लड मिलने,रक्तदान-महादान पर जनजागरुकता फैलाने, रक्तदान शिविर लगाने,बोन मेरो ट्रांसप्लांट करने, हेमाटोलॉजिस्ट डॉक्टरों एवं डे केयर सेंटर झारखंड के सभी जिलों में व्यवस्था हो,पीड़ितों के आपने ही जिलों में थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों को ब्लड चढ़ें/उपचार/संस्थान हो,निःशुल्क जांच/ईलाज एवं उपयुक्त दवा उपलब्ध हो एवं प्रत्येक वर्ष एमआरआई/खून एवं पूरे शरीर का जांच निःशुल्क हो, थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ित दिव्यांगजनों में आते है उनका स्थाई रेलवे पास निर्गत हो जैसे मुद्दों पर परिचर्चा में बातें सामने आई।

इन सभी मुद्दों पर झारखंड सरकार के विधायक, स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री से जल्द प्रतिनिधिमंडल मिलेगा।

उपरोक्त मुद्दों पर 4 अक्टूबर को मार्च निकाला जाएगा।

थैलेसीमिया बच्चों के लिए 28 सितंबर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जन्मशताब्दी पर रक्तदान- महादान शिविर आयोजित होगा।

झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन की कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को संगठन का संरक्षक मार्गदर्शक बनाया गया! साथ ही 41 सदस्यीय पीड़ितों के परिजनों/समाजसेवियों की कमेटी का पुनर्गठन हुआ।

कार्यक्रम में पीड़िता के परिजनों में देवकी देवी, सीमा कुमारी, रीना कुमारी, संजय टोप्पो, नीलम देवी, मन्नू सिंह, फराह खातून, रिमा कच्छप, सुजाता कुमारी, प्रतिमा शुक्ला, सविता देवी, ललिता कुमारी, रिमा सुचिता टोप्पो, नंदू साव, संजय महतो, जगदीश उरांव, विनोद बैठा, सुखराम उरांव,भनवा मुंडा, प्रकाश महतो, महेश बेदिया, अनिल मुंडा समेत सैकड़ों पीडित व परिजन शामिल थे।



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



मेट्रो रेज

**रांचीः** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी की कला प्रेक्षागृह में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 2025 के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। अनीमिया मुक्त भारत अभियान, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के टीम विद्यालय आकर सभी छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं का प्राथमिक स्वास्थ्य जांच किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय के अध्यक्षता व डॉक्टर संतोष कुमार सिंह के निगरानी में यह स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावी तरीका से संचालित किया गया। उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत करते हुए अजय राय ने कहा कि छात्राओं में यह समझ विकसित हो कि पढ़ाई के साथ साथ खुद को अनुकूल और स्वास्थ्य रखने के लिए बेहतर प्रयास करती रहें। प्रबंधक और डॉक्टर संतोष कुमार सिंह और डॉक्टर ओमकार नाथ मिश्रा ने सर्वाइकल वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बोले कि कम उम्र के छात्राओं को समय से यह वैक्सीन लग जाए तो बचाव हो सकता है। अन्य दवाओं के जरूरी महत्व के साथ स्वास्थ्य पर प्रभावी विचार साझा किए। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं में विशेष उत्साह देखा गया। साथ ही चिकित्सक परामर्श के साथ एनीमिया पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों में मुख्य समाजिक विज्ञान शिक्षिका अर्चना कुमारी, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल रिंकल कुमारी, गृह विज्ञान शिक्षिका पींकि कुमारी, अर्पिता यादव, शिक्षिका रविनंदनी, अंशिका कुमारी , इन्दु यादव ने बारी बारी से संबोधित कर स्वास्थ्य पर जानकारियां दी। वरिष्ठ गणित शिक्षक सुकेश कुमार, सुनित त्रिपाठी, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार,शुभांशु शर्मा,निरज कुमार ने भी अपने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी में सुजाम पड़ी,सुमन कुमारी, मुकेश तिवारी,दिपक कुमार, संतोष कुमार सिंह, नवनीत शेखर, धर्मेंद्र कुमार ने मिलकर सभी छात्राओं को वैक्सीन के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य जांच किए। एक अलग ही उत्साह पूरे कार्यक्रम में देखा गया। स्वास्थ्य जांच के साथ सभी छात्राओं को कैल्शियम सीरप, आयरन शिरप,गैस का शीरप, एन्टीएलर्जी दवा, बुखार, दर्द, ओआर एस के साथ ढेरों जरूरी दवाओं का किट दिया गया। स्वास्थ्य जांच के साथ नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया और सभी छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं का भी जांच हुआ। इस अवसर पर पुरे आयोजन का विधिवत संचालन कला शिक्षक रौशन राय ने किया, अपने संचालन क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान को सफल बताया।सभी स्वास्थ्यकर्मी चरपोखरी स्वास्थ्य केंद्र से आए थे। उपस्थित छात्राओं में गुड़िया कुमारी, रागिनी कुमारी, सुरभि, बेबी कुमारी, ज्योति कुमारी,जानकी कुमारी, विशाखा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रियांशु कुमार व अन्य।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY CHOWK, RANCHI - 834 001, JHARKHAND.
PH: +91 651 2225878, E-MAIL: JUIDCOLIMITED@GMAIL.COM
CIN: U45200JH2013SGC001752

**NIT NO: JUIDCO Ltd./VAHAN/54(PART II)/2018-18**
**Date: 19-09-2025**
**EXPRESSION OF INTEREST**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Agency for providing vehicle on rental basis for regional offices and headquarter |
| 2 | Scope of work | As mentioned in RFP |
| 3 | Availability of BID Documents | Online https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 4 | Mode of submission of bid | Online https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 5 | Tender fee & EMD (INR) | RFP document fee- INR 5,000/- (Non-Refundable) online EMD- INR 25,000/- (Refundable) online |
| 6 | Date of start of submission of Bids | 22.09.2025 at 10:00 AM |
| 7 | Date of Pre-Bid Meeting | 24.09.2025 at 03:30 PM |
| 8 | Last Date of Bid Submission | 10.10.2025 at 05:00 PM |
| 9 | Date of BID opening | 11.10.2025 at 05:30 PM |
| 10 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd (JUIDCO Ltd.) JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 11 | Helpline | 9204141413/ tofficerjuidco@gmail.com |

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.
PR 362437 (Urban Development)25-26*D

# ट्रांसपोर्ट मालिकों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रख उदय शंकर ओझा को दी श्रद्धांजलि

## उदय शंकर ओझा ट्रस्ट ने सभा में लगाया रक्तदान शिविर, रक्षा मंत्री संजय सेठ ने उपस्थित श्रमिकों व भैया,बहनों के बीच बांटा बैग और छाता

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड के गरीब मजदूर युवाओं के सशक्त आवाज सामाजिक सद्भावना एवं कौमी एकता के अटूट स्तंभ स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की नौवीं पुण्यतिथि पर आज पंडरा बाजार समिति में प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा,दीपक ओझा , राजू ओझा ,अमित ओझा ,एवं गौतम हर्ष ने विधिवत पूजा अर्चना ,पुष्प अर्पित कर सभा को शुरू किया । उदय शंकर ओझा ट्रस्ट ने सभा में रक्तदान शिविर भी लगाया। रक्षा मंत्री संजय सेठ ने उपस्थित हजारों श्रमिकों भैया,बहनों को बैग तथा छाता वितरण किया । डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि असंगठित मजदूरों के लड़ाई को एक सुखद मोड तक पहुंचने में हमेशा सहयोग करेंगी क्योंकि स्वर्गीय उदय शंकर ओझा ने हमेशा बहुत ही ईमानदारी से श्रमिकों के आंदोलन को किया ।नगर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि स्वर्गीय उदय शंकर ओझा एक सच्चे समाजसेवी के रूप में लंबे समय तक गरीब ,मजदूर एवं धार्मिक संगठनों को मजबूत नेतृत्व प्रदान करते रहे । गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश ने एक मजबूत नेतृत्व करता खोया है इनको विन्रम श्रद्धांजलि है।राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि ओझा जी के असामयिक निधन से राज्य में बड़ी शून्यता हो गई है ,वो एक सशक्त समाजसेवी,एवं प्रखर नेता थे ।

श्रद्धांजलि सभा में हजारों की संख्या में सामाजिक धार्मिक एवं सभी पार्टी के नेता ने उनके चित पर श्रद्धा समूह अर्पित किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला आज के श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से देश के रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्रीमती आशा लकड़ा,रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह,रामकुमार पहन, जेलेंद्र कुमार ,वरुण साहू ,झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री के। एन। त्रिपाठी,पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेज,सत्यनारायण सिंह,आरती कुजूर ,धनबाद कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह,अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम,गौ सेवा के अध्यक्ष ,राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड राज्य कृषि वितरण प्रणाली के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, बाल आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, झारखंड बस ओनर्स के अध्यक्ष सचितानंद सिंह, जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीतू सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर, सोनल शांति, कांग्रेस नेता अमरेन्द्र सिंह,दीपु सिन्हा, गौतम उपाध्याय जदयू के प्रवक्ता सागर कुमार,धर्मेन्द्र तिवारी, सद्भावना मंच के अध्यक्ष मोइज अख्तर (भोलू),सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकीलुर रहमान,मोहम्मद इस्लाम ,संजय जायसवाल ,विनय जायसवाल,शशांक राज ,विनय अग्रवाल ,आदित्य मल्होत्रा,नवजोत अलंग,परेश गट्टाणी,रोहित अग्रवाल,साहित्य पवन ,रोहित पोद्दार ,पवन साहू ,मुकेश सिंह,गोपाल सिंह ,राजेश गुप्ता छोटू,वरुण तिवारी ,जितेन्द्र वर्मा ,बलराम सिंह ,आरती कुजूर ,नेहा सिंह ,रोशन यादव ,अशोक मिश्रा ,अशोक पांडेय ,सुनील साहू ,नीतू सिंह ,मृत्युंजय पाठक ,संजय पांडे,मदन प्रसाद ,अजीत सहाय , डॉ राजीव शहदेव,राकेश कुमार ,नवीन गाड़ोदिया,अभिलाष साहू,नंद किशोर सिंह चंदेल,संकेत तिवारी,सुनील सिंह ,श्याम बिहारी सिंह ,सुरेंद्र साहू ,संदीप ,संतोष सिंह ,बली राय ,धुरी राय,महेंद्र यादव,राम माया,रामचंद्र,राय ,उमेश ,सुशील , मनोज पासवान ,गौरी शंकर ,इतवारी उरांव ,अजय दुबे , एके दुबे,सुभाष साहू , बिंदुल वर्मा ,राकेश सिंह,नूर अहमद ,गोपाल पारिख ,शंकर दुबे।



**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**शुद्धि ई-निविदा सूचना**
[illegible]
1205-PM/25

**OFFICE OF THE DISTRICT AYUSH MEDICAL OFFICER, KHUNTI (District AYUSH Society, Khunti)**

**Advt:- 01/AYUSH/2025 DATE-..........................**
**Recruitment Notice**
**Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society**

**Khunti National AYUSH Mission (NAM), Jharkhand,** is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health services to the last person of the last household at last village.
**NAM, Jharkhand** is seeking online & offline application from eligible candidates for the following position for District Ayush Society Khunti, Government of Jharkhand:-

| Sl. No. | Name of post | Number of post | Remuneration Rs./month | Qualification & Eligibility criteria |
|---|---|---|---|---|
| 1. | District Programme Manager | 1(UR) | Rs.50,000 | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including AYUSH and MBA in healthcare Managment/Master in health/hospital administration/post Graduation diploma in Hospital & healthcare management(Two years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1year working experience in public health programme exposure in social sector scheme/missions at national, state and district level **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge including MS Office, Ms Word, MS power point and Ms Excel would be desirable. **Note:** preference will be given to persons having experience of working in Health sector including AYUSH. |

Terms of Engagement:-
1. Age Limit Minimum-21 years Maximum-60 years as or 1st January 2025.
2. Application Fee Rs. 1000/- will be paid by Bank Draft on ZILA AYUSH SAMITI KHUNTI Payable at Khunti.
3. Last date for receiving the application is 11-10-2025. Application received after last date/time will be refused/rejected
4. Required Documents - Self Attested Xerox copy of Adhar card/PAN card/ 10th mark sheet/ 12th mark sheet/Semester wise mark-Sheet of BAMS/BUMS/BHMS/BSMS/BYNS/MBA- finance/ M.Com /C.A/ICWA/ICWA(Inter)/CA(Inter)/Graduation/MBA.
5. For the terms of engagement with more details, please visit khunti.nic.in.
6. Application will be received by post or by hand to the office - District AYUSH Medical Officer, Khunti, Pin-835210, Jharkhand.

**Deputy Development Commissioner, Chairperson**
**District Interview Committee, khunti.**
PR 362444 (District)25-26*D



## पहाड़-उधर खाई की मिसाल बना ये दुर्गम आशियाना

पहाड़ पर घर बनाना एक आम बात है। मगर एक ऐसा पहाड़ जिसकी ऊंचाई को देखकर भी डर लगता है और उसके आखिरी छोर पर घर बनाना और फिर उसमें रहना किसी रोमांच से कम नहीं हैं। आर्किटेक्चर्स के तैयार डिजाइंस पर बने इन घरों को एक किताब में संकलित किया गया है। अगाता तोरोमेनॉफ नाम की लेखिका ने ऐसे 40 हैरान करने वाली आर्किटेक्चर तस्वीरों को एकत्रित करके प्रकाशित किया है। ये तस्वीर आइसलैंड की एक प्रॉप्रटी की है, जिसे क्लिफ रिट्रीट नाम दिया गया है।



## इस होटल में है यूरोप का सबसे बड़ा स्विमिंग पूल

फ्रांस की राजधानी में शेवल ब्लां नाम का लग्जरी होटल पेरिस की शानो शौकत का एक बेहतरीन उदाहरण है। ये होटल अपने इंडोर स्विमिंग पूल के लिए बेहद मशहूर है। यहां पेरिस का न केवल सबसे बड़ा इंडोर सिवमिंग पूल बना है बल्कि यहां से आप एफिल टॉवर के साथ-साथ पेरिस के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं। हालांकि होटल में एक रात रुकने का किराया 2.5 लाख से लेकर 7.5 लाख रूपये तक है। अगर आप यहां का रुख करना चाहते हैं, तो यहां तक पहुंचने के लिए एअरपोर्ट से पिकअप की खास सुविधा भी शामिल है।



अमेरिका के जॉर्जिया की प्रोविडेंस कैन्यन स्टेट पार्क एक अनूठी घाटी है. इसके बनने में कुदरत के अलावा इंसानी गतिविधियों का भी योगदान है. इसकी अनूठी दीवारें 40 कुदरती रंगों से रंगी है. आज यह एक स्टेट पार्क के तौर पर जाना जाता है, जहां वन्य जीवन के साथ बाइकिंग, हाइकिंग की गतिविधियां भी देखने को मिलती हैं.

# 40 रंगों की दीवारों से बना है अमेरिका का प्रोविडेंस कैन्यन स्टेट पार्क

दुनिया में खूबसूरत नजारों वाली जगहों में या तो वे पूरी तरह से कुदरती होती हैं या फिर पूरी तरह से इंसानों की बनाई हुई. कुछ जगहें ऐसी भी हो सकती है जिन्हें इंसानों ने और सुंदर बनाया हो. पर एक जगह ऐसी है जिसके बनने में कुदरत के साथ साथ इंसानी गलतियों की भूमिका है. दक्षिण के ग्रैंड कैन्यन या प्रोविडेंस कैन्यन जॉर्जिया में छिपा एक ऐसा ही चमत्कार है जो सुंदरता और इतिहास से भरा हुआ है. प्रोविडेंस घाटी सिर्फ एक सुंदर चेहरा नहीं है, यह प्रकृति की शक्ति का प्रमाण है और विडंबना यह है कि इसमें थोड़ी मानवीय गलती भी है. यह आश्चर्यजनक प्राकृतिक आश्चर्य लाखों वर्षों में नदी द्वारा चट्टानों को काटने के धीमे और स्थिर काम से नहीं बना है. इसके बजाय, यह 1800 के दशक में खेती के खराब तरीकों का नतीजा है, जिसके कारण गंभीर कटाव हुआ. आज, यह गहरी खाइयों और रंगीन घाटी की दीवारों के जीवंत प्रदर्शन के रूप में खड़ा है, जो इसकी सुंदरता को देखने के लिए हर जगह से पर्यटकों को आकर्षित करता है.

अपनी भव्य मौजूदगी के बावजूद, यह घाटी नई है, जिसका निर्माण 19वीं शताब्दी में हुआ था. लोगों ने खेती के लिए जंगल साफ किए, जिनकी मिट्टी बारिश में बहने से लगी, नाले बनने लगे. समय के साथ, ये नाले गहरे और चौड़े होकर विशाल घाटियों में बदल गए, जिनमें से कुछ 150 फीट से भी अधिक गहरे हैं. प्रोविडेंस कैन्यन की सबसे खास विशेषताओं में से एक इसकी रंगीन दीवारें हैं. दीवारें गहरे लाल और नारंगी से लेकर हल्के गुलाबी और बैंगनी रंग के तमाम रंगों को प्रदर्शित करती हैं, जो मिट्टी के कटाव से उजागर कई प्रकार और खनिजों से बने हैं. घाटी की दीवारों में रंग आयरन ऑक्साइड की मौजूदगी के कारण हैं, जो मिट्टी को उसका लाल रंग देते हैं. अन्य खनिज दूसरे रंग प्रदान करते हैं. घाटी की दीवारों में 40 से अधिक अलग-अलग रंग दिखाई देते हैं.



पर्यावरण क्षरण के नतीजों से बनने के बावजूद, प्रोविडेंस कैन्यन अब पौधों और जानवरों की तमाम प्रजातियों का घर है. यह क्षेत्र एक बेमिसाल पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है, जिसमें कई प्रजातियां घाटी के अनूठे वातावरण के अनुकूल हो गई हैं. देर से गर्मियों में खिलने वाले प्लमलीफ़ एज़ेलिया की दुर्लभ प्रजातियां घाटी में पाई जा सकती हैं. घाटी में विभिन्न प्रकार के वन्यजीव हैं, जिनमें लोमड़ी, हिरण और कई पक्षी प्रजातियां शामिल हैं, जो इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाती हैं. प्रोविडेंस घाटी की खोज करने वालों के लिए, घाटी के तल से होकर और उसके किनारे तक कई पैदल यात्रा मार्ग हैं, जो घाटी और आसपास के भूभाग के शानदार नजारे पेश करते हैं. यात्रियों के लिए 10 मील से अधिक लंबी पैदल यात्रा के रास्ते हैं, जिनमें आसान पैदल यात्रा से लेकर अधिक चुनौतीपूर्ण पैदल यात्राएं शामिल हैं. सबसे लोकप्रिय मार्गों में से एक कैन्यन लूप ट्रेल है, जो 2.5 मील की यात्रा है. यहां घाटी की रंगीन दीवारों के नजदीक से नजारे देखने को मिलते हैं. प्रोविडेंस कैन्यन केवल भूवैज्ञानिक दिलचस्पी की जगह नहीं है. यह एक ऐसी जगह है जहाँ आगंतुक पर्यावरण पर मानवीय क्रियाओं के नतीजों और गलतियों से सुंदरता बनाने की प्रकृति की शक्ति के बारे में जाना जा सकता है. पार्क साल भर खुला रहता है, जो हर मौसम में अलग-अलग तजुर्बे देता है. आज यह जगह एक फोटोग्राफर का सपना और एक हाइकर का स्वर्ग है.







## नदी के उपर बना है ये खास पार्क

अमेरिका के न्यूयार्क में हडसन नदी के उपर बना पार्क 2.4 एकड़ में फैला है। इसे लिटिल आइलैंड नाम दिया गया है। क्यों कि यह सड़क के करीब 60 मीटर दूर नदी के उपर बना है। यह पार्क टयूलिप के फूल जैसे कंक्रीट के 132 खंभों से बना है। पार्क को हरा भरा रखने के लिए यहां 350 प्रजातियों के पौधे, 65 प्रजातियों की घास और 50 प्रजातियों की झाड़ियां लगाई गई हैं। यहां खेल का एक मैदान और 687 सीटों वाला ओपन थिएटर भी है। खास बात ये है कि इसे सरकार या स्थानीय प्रशासन ने नहीं बल्कि 71 वर्षीय अमेरिकी अरबपति बेरी डिलर ने बनवाया है। इसकी नींव 2013 में रखी गई थी। इसके निर्माण पर करीब 1900 करोड़ रूपये खर्च हुए हैं। बेरी डिलर का कहना है कि कोरोना काल में लोग जिस तरह से परेशान हैं, उनके लिए पार्क संजीवनी का काम करेगा।



## ऐसा आइलैंड जहां आबादी से ज्यादा दिखते हैं सैलानी

लिविंग आईलैंड की उलुबाट लेक सैलानियों के लिए आर्कषण का केंन्द्र बनी हुई है, जो तुर्किये के बोरसा से 90 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद है। यहां पर युनानी द्वीप है, जिनकी संख्या 11 है। इसे अपोलिसंटी भी कहकर पुकारा जाता है। इस आईलैड की खास बात ये है कि यहां रहने वाले लोगों की आबादी 25 हजार है, जब कि यहां घूमने के लिए हर महीने 40 हजार तक लोग आते हैं। ये द्वीप अपने ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व के लिए मशहूर है। इस द्वीप से सटी झील अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में मशहूर है। इस झील की सैर करने के लिए सैलानियों के लिए यहां 4 सीजन की नाव यात्राएं होती हैं। यहां का इकोसिस्टम मजबूत होने के कारण इसे रामसर साईट में शामिल किया गया है। दरअसल, यहां पर कई लुत्पप्राय पक्षी पाए जाते हैं। ये द्वीप प्योगो कॉर्मोरेंट, बगुले समेत अनेक पक्षियों का प्रजनन क्षेत्र कहलाता है। यहां पर पतझड़ के मौसम में सबसे ज्यादा सैलानी यहां के नजारों का लुत्फ उठाने के लिए यहां का रूख करते हैं। इतना ही नहीं साल 2000 में इस लेक को इंटरनेशनल लिविंग लेक्स नेटवर्क की सूचि में शामिल कर लिया गया है।



# आखिर स्कूल बस का रंग पीला क्यों होता है

आमतौर पर पेरेंट्स अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जिस साधन का इस्तेमाल करते हैं, वह बस होता है। यह स्कूलों का अपना निजी बस होता है। अक्सर आपने देखा होगा यह बस पीले रंग के होते हैं, लेकिन क्या आपके मन में कभी यह ख्याल आया है कि यह बस आखिर पीले रंग के ही क्यों होते हैं? तो चलिए आज का हम आपको यह बताएंगे कि स्कूल बस का रंग अधिकतर पीला ही क्यों होता है और इसके पीछे का कारण क्या है।




- सबसे पहले अगर बात करें तो पीला रंग काफी चमकीला होता है। इसे दूर से आसानी से देखा जा सकता है। इसलिए आपने देखा होगा कि स्कूल बस का कलर पीला ही होता है जोकि दूर से ही आईडेंटिफाई हो जाता है कि बच्चों की बस आ रही है। इससे पेरेंट्स और स्टूडेंट को दिक्कत नहीं होती।
- जैसा कि हमने पहले भी बताया रंगों का हमारे जीवन में काफी ज्यादा महत्व होता है, तो वहीं पीला रंग मौसम के अनुकूल काम करता है। अगर वेदर बहुत ज्यादा खराब है या फिर रोशनी कम है, तो भी पीला कलर नजर आता है। इसके अलावा, अन्य वाहन चालकों को भी स्कूल बस आसानी से पहचान में मदद मिलती है।
- पीला रंग को चेतावनी रंग के रूप में भी माना जाता है। दरअसल, अन्य वाहन चालकों को यह सतर्क भी करता है कि वह सावधान हो जाए, क्योंकि स्कूल बस रास्ते पर चल रही है। इसलिए अगर वह स्पीड में चलते हैं, तो उन्हें अपनी स्पीड कम कर लेनी चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए।
- येलो कलर खुशी और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। बच्चों के लिए स्कूल बस खुशी का प्रतीक होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अक्सर उन्हें देखा जाता है कि वह अपने दोस्तों से मिलने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड होते हैं। इसलिए इस कलर को बस के लिए चुना गया है।
- दूसरे देशों की बात करें, तो यहां पर पीले रंग के स्कूल बस को मानक के रूप में चुना गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी स्कूल बस एक समान है और उन्हें आसानी से पहचाना जा सके, ताकि भविष्य में कोई दिक्कत आए, तो उसका समाधान बहुत ही आसानी से किया जा सके।
- पीले रंग की बस को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश भी जारी हुआ है। इसके अनुसार, स्कूल बस का रंग पीला होना अनिवार्य है। इसके चारों ओर 150 मिली मीटर चौड़ाई की हरी रंग की पट्टी होनी चाहिए, जिसमें स्कूल कैब लिखा होना जरूरी है।



## क्यों आइसलैंड की चट्टानें पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र?

यूरोपियन देश आइसलैंड की है। यहां प्राकृतिक सुदंरता का नजारा पेश करती ये रंग-बिरंगी चट्टानें केनवास पर उकेरी गई किसी तस्वीर से कम नहीं लग रही हैं। मगर ये चट्टानें यानी रायोलाइट पूरी तरह से असली हैं और इन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग भी यहां आते हैं। इन चट्टानों के खूबसूरत रंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। नीले रंग की चट्टानें और जामुनी रंग से रंगे पहाड़, वाकई देखने में किसी अजूबे से कम प्रतीत नहीं होते हैं। ऐसा लगता है कि मानो किसी ने बिना अनुमान के यूं ही रंगों को पहाड़ों की चोटियों पर फैला दिया हो, जो धीरे-धीरे आकार लेते हुई नीचे की ओर बह गए। सिलिकॉन से बनने वाले ये रायोलाइट् आइसलैंड की खूबसूरती को और भी बढ़ा देते हैं। आइसलैंड खूबसूरत वादियों और दृश्यों से भरपूर एक मनमोहक स्थान है। आइसलैंड को लैंड ऑफ फायर एंड आइस भी कहकर भी पुकारा जाता है। दरअसल, आइसलैंड यूरोप का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

अस्मिता बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी छात्र जीवन के लिए महत्वपूर्ण है: उपायुक्त

संवाददाता

दुमकाः भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित खेलो इंडिया अंतर्गत अस्मिता बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ शनिवार को शहर के इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त, अभिजीत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि, जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, ने बैडमिंटन खेल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता में अंडर 15, अंडर 17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिकाओं के बीच आयोजित होगी, जिसमें दुमका जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग लेगी। उपायुक्त श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी छात्र जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। आगंतुक अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष, जिला बैडमिंटन संघ, दुमका उमाशंकर चौबे एवं सचिव, जिला बैडमिंटन संघ, दुमका दीपक झा ने किया। इस अवसर पर




विजय कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, जिला खेलकूद संघ, विकास झा, अध्यक्ष, जिला कैरम संघ, जयराम शर्मा, अध्यक्ष, जिला कराटे संघ, स्मिता आनंद, सचिव, जिला ताइक्वांडो संघ, दाउद अली सचिव, बास्केटबॉल संघ दुमका। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राधे वल्लभ भालोटिया, रंजीत कुमार मिश्रा, मधुसूदन मुर्मू, सौरभ दास, सुभाशिष नंदी, सुभोजित रक्षित, अमन राज, पीयूष भारद्वाज, अंशु पांडेय इसके अलावे प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं खेल प्रेमी, अभिभावक मौजूद थे। आज की प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। अंडर 15 में रूहानी पोद्दार ने रीना कुमारी को 21/10 से, अनभी कुमारी ने रिषिका को 21/17 से, रीना कुमारी ने श्रेया गुप्ता को 21/12 से एवं अदिति देहरी ने श्वेता को 21/6 से हराया । अंडर 17 में अनन्या तिवारी ने प्रीति को 21/0 से, प्रतिष्ठा कुमारी ने मंजूमाला को 21/1 से, आकृति मिश्रा ने सुरूती सोरेन को 21/10 एवं वातिका राज ने सूरति को 21/2 से हराया।

## जनता दरबार के माध्यम से अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

देवघर: जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही




अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, यूआईडी, संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता , कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय गाइड शिविर संपन्न

संवाददाता

दुमकाः जिले केजिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार के निदेर्शानुसार एवं भारत स्काउट एवं गाइड दुमका द्वारा संचालित उच्च विद्यालय कुमडाबाद में चलने वाला तीन दिवसीय गाइड शिविर का समापन शनिवार को हो गया। शिविर के अन्तिम दिन मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ अजय कुमार गुप्ता, वरीय उपसभापति दिवाकर महतो, विशिष्ट अतिथि शिशिर कुमार घोष, प्रदीप दत्ता, शम्भूनाथ मिश्रा एवं रितेश मिश्रा द्वारा गाइड शिविर एवं गाइडों द्वारा बनाए गए पयोनियरिंग प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया गया। शिविर में शामिल गाइड्स सभी अतिथियों से मिलकर काफी उत्साहित नजर आ रही थी। इस अवसर पर गाइडों द्वारा सांस्कतिक कार्यक्रम का भी प्रदशर्न किया गया।शिविर में उपस्थित गाइड्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में राष्ट्र प्रेम एवं समाजसेवा का भाव जागृत कर उनको एक सशक्त नागरिक बनाता है।श्री पोद्दार ने कहा कि स्काउट गाइड स्काउटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्काउटिंग के नियमों एवं सिद्धान्तों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए। अति विशिष्ट अतिथि जैक सदस्य डॉ0 अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि भारत



स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक शक्ति का विकास कर उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत स्काउट एवं गाइड के वरीय उपसभापति दिवाकर महतो ने कहा कि भारत स्काउट गाइड का प्लेटफार्म कठिन समय मे भी उत्साहपूर्वक जीवन जीने का कला सिखाता है। श्री दिवाकर ने कहा कि दुमका जिला के सभी विद्यालयों में भारत स्काउट एवं गाइड की यूनिट अवश्य होनी चाहिए। कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरे दुमका जिले के छात्र छात्राओं के लिए भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा संचालित शिविर अवश्य लगानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त प्रभारी प्राचार्य शिशिर कुमार घोष ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड के शिविर में भाग लेकर बच्चे काफी सशक्त हो जाते हैं। भारत स्काउट एवं गाइड दुमका संस्था के तरफ से मुख्य अतिथि,अतिविशिष्ट अतिथि एवं सभी सम्मानित अतिथियों के करकमलों द्वारा शिविर में शामिल सभी विद्यालयों एवं शिविर के सभी प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं एवं भाग लेने वाले गाइडों को शिविर का प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय उपसभापति दिवाकर महतो, कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव विजय कुमार दूबे, स्वागत भाषण प्रधानाध्यापक रितेश कुमार मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित सेवा निवृत्त शिक्षक प्रदीप दत्ता, शम्भूनाथ मिश्रा,शिविर प्रधान गाइड कैप्टन कुमारी अलका, गाइड कैप्टन विभा कुमारी, सहायक स्काउट मास्टर अनुराग नन्दन, शिक्षिका देवी मुर्मू, शिक्षक राजनारायण मुर्मू,सीनियर स्काउट गुलशन विश्कर्मा, हरिमोहन, राजेश कुमार पाल, अनुराग कुमार साह, विशाल कुमार चौरसिया,निशांत शर्मा, सीनियर गाइड अनुप्रिया मराण्डी ने शिविर में शामिल सभी गाइडों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्काउटिंग में शीर्ष पर पहुँचने के लिए आशीर्वचन दिया।

## सर्वे और प्रति बूंद अधिक फसल योजना की प्रगति की समीक्षा मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित

संवाददाता

साहिबगंज:जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, साहिबगंज, प्रमोद एक्का की अध्यक्षता में कृषि एवं आत्मा के कार्यों की समी क्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साहेबगंज जिला में कार्यरत प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों ने भाग लिया।तत्पश्चात जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न योजना यथा- बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, केसीसी, मिट्टी नमूना संग्रह, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं एनएफएसएनएम के प्रगति की समीक्षा की गयी।बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत रबी मौसम हेतु गेहूं बीज एच आई एल इंडिया का प्रभेद- एचडी-2967 का 2000 क्विंटल, एचडी 3086 का 2000 क्विंटल व एन एससी का एचडी 2967 प्रभेद का 1000 क्विंटल बीज का आवंटन आदेश प्राप्त हुआ है। गेहूं बीज का दर 3975 रु क्विंटल है।इस योजना अंतर्गत किसानों को 50% अनुदान पर 1987.50 रु0क्विंटल पर देय होगा। सरसों बीज हेतु डीआरएमआर 150-35 एवं आरएच761 प्रभेद का बीज 5145 रु क्विंटल की दर से किसानों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। चना बीज हेतु जीएनजी 2299 प्रभेद का 4650



रु क्विंटल की दर उपलब्ध कराया जाएगा। संबधित प्रखंडों के कृषक ब्लॉकचेन के माध्यम से लैम्पस ,पैक्स एफपीओ से बीज प्राप्त कर सकते हैं। रबी के विभिन्न बीज वितरण हेतु सभी बीएओ,बीटी. एमएटीएम को आवश्यक तैयारी करने का निदेश दिया गया।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना प्रति बूँद अधिक फसल योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी है। सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला में कुल 672637 प्लाट के विरूद्ध मात्र 76884 प्लाट का सर्वे हो पाया है। सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों को सर्वेयर की संख्या बढ़ाने व सर्वे के कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। कार्य नहीं करने वाले कृषक मित्रों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।बैठक में आत्मा योजना अंतर्गत किसान समृद्धि योजना की भी समीक्षा की गयी, बैठक में संबंधित प्रखंड बी.टी. एम. ए.टी.एम को निदेश दिया गया कि लक्ष्य के अनुरूप अपने-अपने प्रखंड में अधिष्ठापित सोलर पम्प का भौतिक सत्यापन पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

मशरूम उत्पादन विषय पर उप परियोजना निदेशक, आत्मा श्री मन्टू कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उप परियोजना निदेशक के द्वारा मशरूम उत्पादन की तकनीकी एवं प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही साथ एन एफ एस एन एम योजना के कृषि मैपर के बारे में सभी उपस्थित बी.ए.ओ बी.टी.एम. ए.टी.एम को कृषि मैपर एप्प में एनएफएसएनएम योजना अंतर्गत किए गए फसल प्रत्यक्षण का निबंधन कराना एवं जियो टैग फोटो ग्राफ्स अपलोड करने के बारे में श्री कंचन कुमार सुमन के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।बैठक में मुख्य रूप से उप परियोजना निदेशक, आत्मा मन्टू कुमार एवं संबंधित प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम व एटीएम ने बैठक में भाग लिया।

## ठेकेदार- बिचौलिये योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर नहीं उतारते हैं : ग्रामीण

जाहेर में की जा रही घेराबंदी पर लगाया अनियमितता का आरोप

संवाददाता

साहिबगंजः-झारखंड सरकार के कल्याण विभाग योजना अंतर्गत तालझारी प्रखंड के कालाझोर जहेर स्थान में कार्य चल रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की झारखंड सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाये चला रही है।लेकिन ठेकेदार बीचोलिया उस योजनाओं को धरातल पर सही तरीका से नहीं उतारते हैं यहां घटिया किसीम का कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन का हमेशा खोखला ही बात साबित होता है।जाहेर स्थान में जो घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है। जिसका लागत 24 लाख रुपया बताया जा रहा है।इस निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व बोरियों विधायक लोबीन हेम्ब्रम के द्वारा किया गया था।वर्तमान समय में जिस तरह का कार्य किया जा रहा है।उससे वहां के स्थानीय ग्रामीण नाखुश नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है की गांव में जहेर स्थान का घेहरा बंदी किया जा





रहा है।उसमें एजेंसी के द्वारा घटिया किस्म का मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।और उसमें बालू की जगह डस्ट का उपयोग कर उसे बाउंड्री किया जा रहा है!कार्य मे जितना एमएम का छड़ लगना चाहिए उतना एएम का नहीं लगाने का आरोप है। जिसमें घटिया ईट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।हल्की-फुल्की बारिश होने से ही ईट गलने लगता है जब से यहां पर कार्य शुरू हुआ है हम ग्रामीण लोगों के द्वारा कई बार मौखिक सूचना भी दिए लेकिन जेई साहब एक दिन भी निरीक्षण के लिए यहां नहीं पहुंचे।टेंडर एजेंसी लगातार कार्यों को तेजी से खत्म करने में लगे हुए।ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त हेमंत सती से कार्य का निरीक्षण कर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।जिस निर्माण कार्य को लेकर लगातार काम में लापरवाही बढ़ता रहा है।जैसे तैसे निर्माण कार्य कर रहा है।यदि विभागीय अधिकारी अभिलंब कार्रवाई नहीं करते हैं।तो यह बात भी सोचने वाली है कि ग्रामीणों की मांग कहां तक पूरी होती है यह ग्रामीणों की मांग बनकर ही रह जाएगी।ऐसे में समझने वाली बात यह है की आखिर ग्रामीण क्षेत्र में जिस प्रकार से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक धनंजय सोरेन के पहल से ग्रामीण क्षेत्र के इलाका मे सरकार की जन कल्याणकारी योजना पहुंच नहीं पाती थी।ऐसे में देखने वाली बात होती है।जबकि इस संदर्भ में जेई मिथिलेश पांडे से मोबाइल से बातचीत करने के दौरान उन्होंने कहा कि आपसे थोड़ी देर के बाद बात करते हैं। अब देखना है की जेई को कब समय मिलता है।

## एसकेएमयू: 20 परीक्षाओं के फॉर्म भरने की तिथि घोषित

दुमकाः सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका परीक्षा विभाग ने विभिन्न 20 स्नातक स्तरीय नर्सिंग, फामेर्सी एवं अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने का कार्यक्रम जारी किया है। विद्यार्थी परीक्षा फार्म एवं शुल्क बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन 26 सितम्बर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 तक भर सकतें है जबकि कॉलेज/विभाग द्वारा स्वीकृत प्रति विश्वविद्यालय को जमा करने की तिथि 7 अक्टूबर 2025 से 8 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित किया गया है. विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार विद्यार्थी ऑनलाइन शुल्क भुगतान की प्रति एवं पूर्ण रूप से भरे हुए परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी अपने-अपने महाविद्यालय में जमा करेंगे। जिन परीक्षाओं का फॉर्म भरा जायेगा उसमे निम्न परीक्षा शामिल है-

: बीपीटी सेमेस्टर-I(2024-28) परीक्षा 2025
: बीपीटी सेमेस्टर-II(2023-27) परीक्षा 2024
: बीपीटी सेमेस्टर-III (2022-26) परीक्षा 2024
: बीपीटी सेमेस्टर-I५ (2021-25) परीक्षा 2023
: बी.एससी. नर्सिंग सेमेस्टर-क(2024-28) परीक्षा 2025
: बी.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष (बैकलॉग) परीक्षा 2025
: बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष (2023-27) परीक्षा 2025
: बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष (2022-26) परीक्षा 2025
: बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष (2021-25) परीक्षा 2025
: बी.फार्मा सेमेस्टर-क(2024-28) परीक्षा 2025
: बी.फार्मा सेमेस्टर-क्क(2023-27) परीक्षा 2024
: बी.फार्मा सेमेस्टर-क्क्क(2022-26) परीक्षा 2024
: बी.फार्मा सेमेस्टर-क्श (2021-25) परीक्षा 2023
: बी.फार्मा सेमेस्टर-श्क(बैकलॉग) परीक्षा 2024
: बी.फार्मा सेमेस्टर-श्क्क(2020-24) परीक्षा 2024
: बी.फार्मा सेमेस्टर-श्क्क्क(2019- 23) परीक्षा 2023
: बी.एससी. एमएलटी प्रथम वर्ष (2024- 27) परीक्षा 2025
: बी.एससी. एमएलटी द्वितीय वर्ष (2023- 26) परीक्षा 2025
: बी.एससी. एमएलटी तृतीय वर्ष (2022- 25) परीक्षा 2025

न्यूज IN ब्रीफ

### तीरंदाजी टीम के चयन को लेकर ट्रायल का आयोजन

दुमका: सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की तीरंदाजी टीम के चयन हेतु ट्रायल शनिवार को एसपी. कॉलेज, दुमका के खेल मैदान में आयोजित किया गया। यह ट्रायल प्रात: 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव रंजन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तीरंदाजी हमारे क्षेत्र की गौरवशाली परंपरा रही है और विश्वविद्यालय स्तर पर इसे प्रोत्साहित करना खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर प्रदान करेगा। ट्रायल के दौरान विशेषज्ञों की देखरेख में खिलाड़ियों की तकनीकी योग्यता, लक्ष्य पर एकाग्रता एवं शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया। चयनित खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व विश्वविद्यालय की तीरंदाजी टीम द्वारा आगामी अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2025 की प्रतियोगिताओं में किया जाएगा। एस. पी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ के पी यादव ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में खेल भावना के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. सुजीत कुमार सोरेन एवं खेल विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। खेल विभाग में मुख्य रूप से डॉ. संतोष कुमार शील, डॉ. ईश्वर मरांडी, डॉ.सीमा कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. यदुवंश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चंद्रशेखर रजक के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की तीरंदाजी टीम इस प्रकार है- कंपाउंड पुरुष में प्रकाश मांझी, साइमन सोरेन, शमूएल सोरेन, पंकज दरबे जबकि कंपाउंड महिला में जुली सांगा का चयन किया गया। रिकर्व पुरुष में गोविंद मांझी एवं अरविनाल टुडू का चयन किया गया। इंडियन राउंड पुरुष में सोनू मरांडी, बिकाश राणा, संदीप राय, रोहित हेम्ब्रम जबकि इंडियन राउंड महिला में प्रमिला हांसदा, सिसिलिया सांगा, अंजली राज, एवं तन्नू कुमारी का चयन किया गया।

### अंतिम पंक्ति की महिलाओं को सामाजिक न्याय की मुख्य धारा में लाना ही राजद का मुख्य उद्देश्य: रश्मि प्रकाश

दुमका: राष्ट्रीय जनता दल जिला दुमका की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में शनिवार को परिसदन भवन में आयोजित किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।



बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रश्मि प्रकाश ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं में राजद की मजबूत पकड़ है। उन सभी को सक्रिय करके राजद के संगठन मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए प्रत्येक जिला का दौरा कर बस्तु स्थिति से अवगत हो रहे हैं। अगली बार प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रास रुट पर संगठन मजबूत किया जाएगा। अभी वह संताल परगना के दौरे पर आई हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और नेता तेजस्वी यादव ने गरीब महिलाओं एवं नौकरी पेशा महिलाओं के लिए कई अविस्मरणीय कार्य किए हैं। समाज के अंतिम पंक्ति की महिलाओं को सामाजिक न्याय की मुख्य धारा में लाना ही राजद का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने महिला कार्यकताओं को गांव- गांव जाकर जरूरत मंद महिलाओं की समस्या को दूर करने की बात कही। मोके पर अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम हांसदा, जितेश कुमार दास, जमील अख्तर, पानेशल टुडू, महिला नेत्री साव्या सिंह, मनीषा कुमारी, दिनेश कुमार मिश्रा, जरमुंडी प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद भंडारी, जेनी स्टेनशील टुडू, सिमरन कुमारी, जूली किरण मुर्मू, हैना सोरेन, अलीशा सोरेन, पुष्पलता बास्की, स्वेच्छा तपस्वी, देवोलीना तपस्वी, शिवकुमार शर्मा, हाबु यादव, मो सोहेल, मो अली, अमित कुमार वर्मा, सुमेश मरांडी, लाल बिहारी भंडारी, एलिसा मुर्मू, अनीशा मरांडी, तबाही सोरेन, एलिस किस्कु सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लीगल एड क्लिनिक डेडीकेटेड सेल का गठन

**साहिबगंज:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन पर नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक डेडीकेटेड सेल के पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल स्वयंसेवकों के साथ एक बैठक प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत के द्वारा की गई ।उन्होंने



बताया कि सेवानिवृत्त और कार्यरत सैनिकों को उनके परिवारजनों की विधिक समस्याओं जैसे पारिवारिक विवाद आदि के निवारण हेतु इस लीगल एड क्लिनिक डेडीकेटेड सेल का गठन किया गया है ।इस विशेष पहल का उद्देश्य रक्षाकर्मियों पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। बैठक के दौरान जिन पारा लीगल स्वयंसेवकों को नामित किया गया है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे सैनिकों या उनके परिजनों की किसी भी कानूनी समस्या से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलंब अवगत कराएँ ।साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जिले में निवासरत सभी रक्षाकर्मियों पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों से संपर्क स्थापित कर आवश्यकतानुसार उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाए।

### गायत्री शक्तिपीठ की हुई सफाई, सामूहिक पितर तर्पण आज, कल होगा नवरात्र का कलश स्थापना

**साहिबगंज:** शहर के चौधरी कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र की तैयारी जोरों से की जा रही है ।शनिवार को गायत्री परिवार के परिजनों ने मिलकर शक्तिपीठ की वृहद सफाई की। बताया गया कि रविवार की सुबह नौ बजे शक्तिपीठ में सामूहिक पीतर तर्पण किया जाएगा और सोमवार को सुबह नवरात्र के अवसर पर मंगल कलश स्थापित किए जाएंगे। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक हरिहर प्रसाद मंडल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को शक्तिपीठ में दर्जनों भाई बहनों ने मिलकर गर्भगृह आंगन नाला सड़क की बृहत सफाई की ।उन्होंने यह भी बताया कि हर साल की तरह इस बार भी रविवार को सामूहिक पीतर तर्पण किया जाएगा जिसमें करीब साठ से अधिक लोग शामिल होंगे। व्यवस्थापक श्री मंडल ने बताया कि शारदीय नवरात्र के पहले पूजा में सोमवार को मंगल कलश स्थापित किया जाएगा ।उस दिन अगले नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्र जप अनुष्ठान के लिए संकल्प किए जाएंगे!सफाई में डा दीपक कुमार,हरिहर प्रसाद मंडल,सत्यदेव सिंह शिवशंकर निराला निरंजन मंडल सीतेस कुमार रुद्र कुमार जयराम चौधरी राजेंद्र प्रसाद व अन्य शामिल थे।

### स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

साहिबगंज :राजमहल प्रखंड के जयरामडंगा गाँव में आज स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निर्देश फाउंडेशन एल आई सी,एच एफ आर एल प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ ।शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और इसके माध्यम से न केवल जरूरतमंदों की जान



बचाई जा सकती है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित होता है ।जयरामडंगा जैसे छोटे गाँव में इस शिविर का आयोजन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इस रक्तदान शिविर में कुल 29 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें से 15 यूनिट रक्त महिलाओं द्वारा दान किया गया। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का एक अनूठा उदाहरण बनी ।सिविल सर्जन साहिबगंज ने इस अवसर पर निर्देश फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि एक छोटे से गाँव में इतने यूनिट रक्त का संग्रहण करना वाकई सराहनीय है। यह समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है कि महिलाएँ भी रक्तदान में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं ।उन्होंने आगे सभी उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी भी मरीज की जान बचाई जा सके।





# मैं अब थोड़ा मैच्योर हो गई हूं

अवनीत कौर टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। फिर उन्होंने फिल्मों में काम किया। रानी मुखर्जी से लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी तक के साथ। अब वो बड़ा नाम बन चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 31.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इन दिनों वह चर्चा में हैं, अपनी नई फिल्म लव इन वियतनाम को लेकर। आपने 8 साल की उम्र में डांस रिएलिटी शो डीआईडी लिटिल मास्टर्स से शुरुआत की। झलक दिखला जा में दर्शील सफारी की कोरियोग्राफर रहीं। फिर ऐक्टिंग की ओर कैसे झुकाव हुआ? निश्चित तौर इन सबसे बहुत सीखा, पर नवाज सर के साथ काम करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा था। मैं दोबारा उनके साथ काम करना चाहूंगी। वह बहुत ही अंडरस्टैंडिंग हैं। टीकू का किरदार करना मेरे लिए आसान नहीं था। मैं सिर्फ 17 साल की थी और बहुत डरी हुई थी, पर नवाज सर ने मुझे स्पेस और टाइम दिया। वरना कभी-कभी सीनियर ऐक्टर टोक देते हैं क्योंकि आप यंग हैं या नए हैं तो नर्वस हो जाते हैं, लाइन भूल जाते हैं, मगर उन्होंने मुझे वो वक्त दिया कि तू कर, जैसे तुझे करना है, मैं तेरे साथ हूं। निश्चित तौर पर बुरा लगता है। आखिर तो हम भी इंसान ही है, लेकिन मैं बहुत वक्त से ये चीजें देख रही हूं, तो अब थोड़ा मैच्योर हो गई हूं। अभी थोड़ा ठहराव आ गया है, तो जब ये चीजें होती हैं तो मैं पॉजिटिव साइड देखने की कोशिश करती हूं। उन लोगों की सोचती हूं, जो इतना लोग प्यार देते हैं। मुझे पता है कि मैंने यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत की है।

### कई एक्ट्रेसेस ने कान्स में अपने लुक और कपड़ों को लेकर दबाव में होने की बात कही है। आपके साथ भी ऐसा कुछ था?

कोई भी चीज जब आप पहली बार करते हैं तो नर्वसनेस होती ही है। कान्स को लेकर मुझे भी ये टेंशन थी कि मैं क्या पहनूं, क्योंकि मैं अपने फैशन और स्टाइल को बहुत सीरियसली लेती हूं। वह मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट है। मुझे ज्यादा आत्मविश्वास महसूस होता है, जब मैं एक अच्छा आउटफिट पहनती हूं या अच्छा लुक कैरी करती हूं। हालांकि, कोई टीम नहीं थी, मैंने खुद ही अपना कान्स का लुक स्टाइल किया था।

## उर्वशी रौतेला के बाद अवैध बेटिंग एप मामले में आया सोनू सूद का नाम



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सोनू सूद एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी और असल जिंदगी में गरीबों के मसीहा कहलाने वाले सोनू इस बार एक गंभीर मामले के कारण चर्चा में आए हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री उवर्शी रौतला, पूर्व सांसद मिमि चक्रवर्ती, पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और युवराज सिंह के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ने एक्टर सोनू सूद को गैरकानूनी बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। सोनू सूद अवैध ऑनलाइन बेटिंग एप को लेकर ईडी के सवालों के घेरे में आ गए हैं।

### कब और क्यों बुलाए गए सोनू सूद?

ईडी ने सोनू सूद को 24 सितंबर को दिल्ली स्थित मुख्यालय में पेश होने का आदेश दिया है। एजेंसी का मानना है कि उन्होंने एक ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ प्रमोशनल जुड़ाव किया, जो भारत में बैन हैं। यह एप कथित तौर पर अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और पैसों की हेराफेरी में शामिल है। जांच एजेंसी इस बात की पड़ताल कर रही है कि सेलिब्रिटीज और खिलाड़ियों की ब्रांडिंग से इस एप को किस हद तक फायदा हुआ और क्या इससे जुड़े भुगतान नियमों का उल्लंघन हुआ।

### ईडी की जांच का दायरा

प्रवर्तन निदेशालय लंबे समय से इंटरनेट पर चल रही ऐसी बेटिंग वेबसाइट्स पर नजर रख रहा है, जो भारत के कानून के खिलाफ हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए न सिर्फ सट्टेबाजी होती है बल्कि हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों की भी आशंका जताई जा रही है। अब जब इन मामलों में फि सितारों और खिलाड़ियों के नाम सामने आ रहे हैं दायरा और भी बढ़ गया है।

## अनन्या पांडे मालदीव वेकेशन के दौरान व्लॉगिंग की दुनिया में उतरीं



**अभिनेत्री** अनन्या पांडे इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद ले रही हैं। इस खूबसूरत द्वीप की सैर के साथ-साथ उन्होंने व्लॉगिंग की दुनिया में भी कदम रख दिया है। अनन्या ने अपने प्रशंसकों को मालदीव की मनोरम सुंदरता और अपनी मजेदार गतिविधियों की झलक दिखाने के लिए इंस्टाग्राम पर एक मोंटाज वीडियो साझा किया है। अनन्या ने व्लॉग पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, मेरा पहला व्लॉग बनाने की कोशिश, लेकिन मैंने मालदीव में सबसे शानदार पल बिताए। इस वीडियो में उन्होंने अपनी सुबह की शुरुआत से लेकर दिनभर की गतिविधियों को बखूबी कैद किया है। वीडियो में अनन्या कभी साइकिल चलाती नजर आती हैं,

# 'मैं नई चीजें आजमाता रहता हूं': अनुराग

'निशानची' के जरिए अनुराग कश्यप एक बार फिर गैंगस्टर की कहानी वाली फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं। अब फिल्म की सफलता और अपनी फिल्ममेकिंग को लेकर उन्होंने बात की। फिल्ममेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'निशानची' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'निशानची' के जरिए अनुराग एक बार फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी एक एक्शन से भरपूर फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं, जिसमें जबरदस्त गैंगवॉर देखने को मिलेगी। अब अनुराग ने फिल्म में नए चेहरों को लेने, फिल्म की कास्टिंग और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के उनके लिए मायने को लेकर बात की।

### इस बार मैं पैसे कमाऊंगा

टेली टॉक इंडिया से बातचीत के दौरान अनुराग कश्यप से जावेद अख्तर द्वारा उनकी फिल्म 'मुक्काबाज' को लेकर की गई टिप्पणी पर सवाल किया गया। दरअसल, जावेद अख्तर ने अनुराग से पूछा था कि उन्होंने ऐसी फिल्म क्यों बनाई जिसका अंत कोई कमाई नहीं करेगा। अब इस टिप्पणी को लेकर अनुराग ने निशानची के बारे में कहा कि इस बार अंत ऐसा होगा जावेद साहब कि मैं पैसे कमाऊंगा।

### मैं सिर्फ प्रतिभा देखता हूं

अपनी फिल्म में नए कलाकारों को कास्ट करने के बारे में अनुराग ने कहा कि मैं सिर्फ प्रतिभा देखता हूं। क्या मैं उनमें किरदार देख सकता हूं, वे कितनी मेहनत कर रहे हैं और फिल्म के लिए कितना समय दे रहे हैं? बात सिर्फ इतनी नहीं है कि मैं किसी को मौका दे रहा हूं। मुख्य किरदार ढूंढ रहा हूं। अगर मैं 'निशानची' बना रहा हूं, तो मैं बबलू और डबलू को ढूंढ रहा हूं, मैं रिंकू को ढूंढ रहा हूं, मैं उनकी मां को ढूंढ रहा हूं। मैं अपने किरदारों को ढूंढ रहा हूं। मुझे यह उनमें मिला। मैंने उनके परिवारों से बात की और उनसे कहा कि मुझे इसे बनाने के लिए समय चाहिए होगा। ऐश्वर्य ने किरदार के लिए की काफी मेहनत ऐश्वर्य ठाकरे की तैयारी के बारे में अनुराग ने बताया कि ऐश्वर्य मुंबई से आते हैं, लेकिन उन्हें कनपुरिया बनना था। इसके लिए ऐश्वर्य ने कड़ी मेहनत की है। उन्होंने मुझे चार साल दिए और फिर हमने फिल्म शुरू की। फिल्म मेकिंग को लेकर अनुराग ने कहा कि अगर आप सिर्फ अपने ही मसाले के साथ काम करते हैं, तो आप अप्रासंगिक हो सकते हैं।



## गुस्से वाली तस्वीर वायरल होने पर धनुष ने दी प्रतिक्रिया, बोले- 'मेरा ध्यान हट गया था

साउथ अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इडली कढ़ाई से चर्चा में हैं। बीते दिन सोमवार को फिल्म का ऑडियो लॉन्च इवेंट हुआ। इस दौरान अभिनेता ने गुस्से में वायरल हुई अपनी तस्वीर पर प्रतिक्रिया दी।

साउथ सुपरस्टार धनुष को आखिरी बार कुबेर फिल्म में देखा गया था। इसी फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान अभिनेता की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उन्हें गुस्से में देखा गया था। ये तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। सोमवार को एक्टर की आगामी फिल्म इडली कढ़ाई के ऑडियो लॉन्च के मौके पर धनुष से इस वायरल तस्वीर के बारे में पूछा गया। इसपर अभिनेता ने कहा वो शर्मनाक था।

धनुष से इवेंट के दौरान वायरल तस्वीर को लेकर सवाल किया गया। उन्होंने कहा, 'कई बार, जब हम किसी से बात कर रहे होते हैं या कोई प्रेरणादायक संगीत सुन रहे होते हैं, तो कलाकार कभी-कभी हमारी जानकारी के बिना ही उस पर परफॉर्म करना शुरू कर देते हैं। जब बच्चे रायन का गाना इतनी अच्छी तरह गा रहे थे, तो मैं उस किरदार और उसकी तैयारी के बारे में सोचने लगा। मैं भावुक हो गया। मेरे करीबी लोग इस बारे में जानते हैं। यह शर्मनाक था।





# फराह ने सलमान खान से की बाबा रामदेव की तुलना

हाल ही में कोरियोग्राफर फराह खान, बाबा रामदेव के आश्रम में पहुंची, जिसका जिक्र उन्होंने अपने व्लॉग में किया है। इसी दौरान फराह ने सलमान खान की तुलना बाबा रामदेव से की।

मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान अक्सर सेलेब्स के घर जाती हैं या वो उनके यहां आते हैं। इसका व्लॉग फराह अपने चैनल पर अपलोड करती हैं। हाल ही में कोरियोग्राफर अपने कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने उनके आश्रम पहुंची। इसके अलावा उन्होंने उनसे कई बातें भी कीं। इसी दौरान फराह ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और बाबा रामदेव की तुलना भी की। जानिए उन्होंने क्या कहा।

'आप और सलमान खान एक जैसे हैं'

फराह खान ने अपने व्लॉग में दिखाया कि वो कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने पहुंची हैं। इसमें फराह ने कहा, तो आप और सलमान खान एक जैसे हैं, वह 1 BHK में रहते हैं और बाकी सबके लिए महल बनाते हैं।' उनकी इस मजाकिया टिप्पणी से रामदेव और फराह हंस पड़े।

### किस बात पर फराह ने की ये टिप्पणी?

व्लॉग में देखा जा सकता है कि बाबा रामदेव, फराह खान को अपने आलीशान आश्रम को दिखात नजर आते हैं। इसी दौरान रामदेव अपनी सादगीपूर्ण जीवनशैली की बात करते हैं। साथ ही कहते हैं, 'हमने लोगों के रहने के लिए महल रखा है और अपने लिए झोपड़ी।' इसी पर फराह खान ने सलमान खान से जोड़कर जवाब दिया, तो बाबा रामदेव ने सहमति जताते हुए कहा, 'हां, ये बात तो सही है।

# पीकेएल-12 : हरियाणा स्टीलर्स ने तमिल थलाइवाज को हरा कोच मनप्रीत को 100वीं जीत का दिया तोहफा

एजेंसी



**जयपुर :** मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाड़ियों ने सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को तमिल थलाइवाज को 38-36 के अंतर से हराकर अपने कोच मनप्रीत सिंह को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में बतौर कोच 100वीं जीत का तोहफा दिया। आठ मैचों में यह हरियाणा की छठी जीत है जबकि थलाइवाज को लगातार दो जीत के बाद लगातार दूसरी हार मिली है। हरियाणा की जीत में उसके सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया। शिवम पटार ने 9 अंक लिए जबकि विनय ने सात। मयंक सैनी ने चार अंक लिए जबकि डिफेंस में कप्तान जयदीप ने तीन शिकार किए। थलाइवाज के लिए कप्तान अर्जुन देसवाल ने 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम द्वारा समय पर रिवाइव नहीं करा पाने के कारण उसे जीत तक नहीं ले जा सके। पिछले मैच में पुनेरी पल्टन को हराने वाली हरियाणा ने अपना खेल वहीं से शुरू किया, जहां खत्म किया था। उसने चार मिनट में ही थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेला और फिर इसे अंजाम देकर 9-3 की लीड ले ली। देसवाल एक बार जो आउट हुए तो आलइन के बाद ही रिवाइव हो सके। इस बीच विनय ने मल्टीप्वाइंटर लिया और फिर साहिल ने देसवाल को लपक स्कोर 12-3 कर दिया। इस बीच विनय की डू ओर डाई रेड पर थलाइवाज के दो डिफेंडर आउट हुए। फिर शिवम ने शफागी को लपक थलाइवाज को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। 10 मिनट बाद हरियाणा 15-4 से आगे थे। इस बीच शिवम ने सुपर टैकल की स्थिति में डू ओर डाई रेड पर अंक ले लिया। इसके बाद शिवम ने ही थलाइवाज को आलआउट कर हरियाणा को 20-5 से आगे कर दिया। आलइन के बाद देसवाल ने शिवम को आउट कर अपना खाता खोला। फिर थलाइवाज के डिफेंस ने विनय को लपक लिया। इसके बाद योगेश ने दो अंक लेकर हरियाणा को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। मयंक की रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। फिर सुपर टैकल की स्थिति में देसवाल ने जयदीप को आउट कर हरियाणा को दो खिलाड़ियों तक सीमित किया लेकिन शिवम ने दो अंक की रेड के साथ उसे बचा लिया। देसवाल ने हालांकि अगली रेड पर अंक लिया। इसके बाद थलाइवाज ने आलआउट लेते हुए स्कोर 16-24 कर दिया। बहरहाल, आलआउट के बावजूद हरियाणा 25-16 के स्कोर पर ब्रेक पर गए औ? फिर वापसी के साथ ही देसवाल को एंकल होल्ड कर लिया इस बीच शिवम एक बार आउट हुए लेकिन रिवाइवल के बाद उन्होंने शानदार एस्केप के साथ थलाइवाज को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। इस बीच अरुणनंथबाबू ने सुपर रेड के साथ उसे इस स्थिति से निकाल दिया। अरुणनंतबाबू ने हालांकि विनय को लपक 30 मिनट के बाद स्कोर 23-31 कर दिया। ब्रेक के बाद थलाइवाज ने हरियाणा को सुपर टैकल की स्थिति में डाल दिया लेकिन मयंक ने नितेश से गलती कराकर उसे इस स्थिति से निकाला पर देसवाल ने फिर वही स्थिति बहाल कर दी। शिवम ने हालांकि मल्टीप्वाइंटर के साथ दो खिलाड़ियों को रिवाइव करा लिया। लेकिन देसवाल ने हरियाणा के डिफेंस से गलती कराकर दो अंक ले लिए। फिर उन्होंने सुपर-10 पूरा किया। हरियाणा आलआउट की कगार पर थे लेकिन मयंक ने उसे बचा लिया अब डेढ़ मिनट बचे थे और फासला 7 का था। अंतिम पलो में थलाइवाज के पास आलआउट लेकर स्कोर के करीब आने का मौका था। उसे ऐसा कर भी लिया लेकिन जीत उससे दूर जा चुकी थी और इस तरह थलाइवाज सात मैचों में चौथी हार को मजबूर हुए।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को 43 रन से हराकर 2-1 से जीती सीरीज

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 43 रन से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। मुकाबला पूरी तरह हाई-स्कोरिंग रहा, जहां दोनों टीमों ने मिलकर 700 से अधिक रन बनाए। इस हाई-स्कोरिंग मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 412 रन बनाए, जिसके जवाब में भारत 369 रन पर ऑलआउट हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (138 रन, 57 गेंदों में शतक), जॉर्जिया वोल (81) और एलिसे पेरी (60) की दमदार पारियों की बदौलत 412 रन बनाए। एलिसा हीली ने भी तेज शुरूआत दी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट झटके। मूनी का शतक महिला वनडे इतिहास में दूसरा सबसे तेज रहा, जिसे बाद में मंधाना ने पीछे छोड़ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरूआत की। स्मृति मंधाना ने केवल 50 गेंदों में शतक जमाकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने विराट कोहली का 52 गेंद वाला रिकॉर्ड तोड़ा। मंधाना ने 125 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 32 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। दोनों ने रन रेट को नियंत्रण में रखा, लेकिन जैसे ही दोनों आउट हुईं, भारतीय पारी पटरी से उतर गई। रिचा घोष रन-आउट हुईं, वहीं निचले क्रम ने निराश किया।

# हिमाचल में मेडिकल कॉलेज के इंटर्न डॉक्टरों की कार रावी नदी में गिरी, एक की मौत, एक लापता, दो घायल

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में मेडिकल कॉलेज चम्बा के चार इंटर्न डॉक्टरों की कार अनियंत्रित होकर रावी नदी में जा गिरी। हादसा चम्बा-पठानकोट नेशनल हाइवे पर चम्बा थाना अंर्तगत परेल धार के पास रात करीब दो बजे हुआ। इस हादसे में एक इंटर्न डॉक्टर की मौत हो गई, जबकि एक महिला इंटर्न डॉक्टर का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दो अन्य घायल डॉक्टरों का चम्बा मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के समय कार (ल्ढ21इ-1693) में चार इंटर्न डॉक्टर सवार थे। सभी डॉक्टर



चम्बा मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे थे। वे शनिवार रात मेडिकल कॉलेज से बालू नामक स्थान पर डिनर करने गए थे। देर रात लौटते वक्त करीब 2 बजे उनकी कार परेल धार के पास चम्बा-पठानकोट नेशनल हाइवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे रावी नदी में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में कार चला रहे डॉक्टर अखिलेश (25) निवासी बड़सर जिला हमीरपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार डॉक्टर इशिका (23) निवासी हाटकोटी, जिला शिमला अभी तक लापता है। पुलिस और प्रशासन की टीमें स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता डॉक्टर की तलाश कर रही हैं, लेकिन नदी की तेज धारा के चलते अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। इस हादसे में दो अन्य इंटर्न डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें डॉक्टर रिशान्त (24) निवासी कुमारसेन, जिला शिमला और डॉक्टर दिव्यांक (25) निवासी कंडाघाट, जिला सोलन शामिल हैं। दोनों को चम्बा मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार तेज गति से चल रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। चम्बा थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही मृतक व लापता इंटर्न डॉक्टर के परिवार में मातम पसर गया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि लापता डॉक्टर की तलाश पूरी गंभीरता से जारी है।

## पीयूष गोयल व्यापार वार्ता के लिए कल अमेरिका के दौरे पर जाएंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार 22 सितंबर को व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका का दौरा करेंगे। उनके नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी पक्ष के साथ बैठक के लिए दौरे पर जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी पक्ष के साथ बैठक के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेगा। वाणिज?य मंत्री के साथ मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी भी दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे। गोयल अपनी इस यात्रा के दौरान अमेरिकी टीम से मुलाकात कर व्यापार समझौते को पूरा करने की कोशिश करेंगे। मंत्रालय के अनुसार प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाना है। इससे पहले अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों का भी एक दल 16 सितंबर को भारत आया था। इस दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने एच-1बी वीजा की फीस को बढ़ाने की घोषणा की है।

## गायक जुबीन गर्ग का पार्थिव शरीर असम के उनके पैतृक आवास कहलीपारा पहुंचा, प्रशंसकों का उमड़ा सैलाब

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम के महान गायक जुबीन गर्ग का पार्थिव शरीर रविवार को गुवाहाटी हवाई अड्डे से कहलीपारा स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक उमड़ पड़े। सड़कों के किनारे लोगों का हुजूम देखा गया। इलाके की सड़कें गमगीन और उदास चेहरों से भरी हुई थी और वे सभी अपने प्रिय गायक को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। सिंगापुर से बीती रात जुबीन गर्ग का पार्थिव शरीर दिल्ली के हवाई अड्डे पर पहुंचा। जहां पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद शव को दिल्ली से गुवाहाटी के लिए आज सुबह रवाना किया गया। गुवाहाटी के बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही फूलों



से सजे वाहन पर उनके पार्थिव शरीर को रखकर काहिलीपारा स्थित आवास की ओर रवाना किया गया। इस दौरान सड़क किनारे प्रशंसक बैनर और फूल लिए दिखाई दिए। अधिकारियों ने भारी भीड़ को नियंत्रित करने और सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए मार्ग पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए थे। बैरिकेड्स और निर्दिष्ट लेन बनाए गए और अंतिम यात्रा वाहन को कहलीपारा की ओर सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने देने के लिए यातायात को नियंत्रित किया गया। पार्थिव शरीर के निवास पर पहुंचने पर गर्ग के बीमार पिता सहित परिवार के सदस्यों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लगभग एक घंटे तक रखा गया। जिसके बाद पार्थिव शरीर को जनता के दर्शनार्थ सरुसजाई स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुवा खेल परिसर ले जाया गया। ज्ञात हो कि जुबीन गर्ग के निधन पर राज्य सरकार ने तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बस्तर दौरे पर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को बस्तर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 11 बजे रायपुर एयरपोर्ट से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। जगदलपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री संभागीय धुरवा समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे नवाखानी मिलन समारोह और भवन लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसी दौरान मुख्यमंत्री माहरा समाज के नए भवन का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के बस्तर दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एक दिन पहले से ही कलेक्टर हरिस एस ने गीदम रोड स्थित वन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, ऋषिकेश तिवारी, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा , धुर्वा समाज के संतोष बघेल गागड़ा राम एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## मप्र के अनूपपुर जिले में मालगाड़ी के 3 डिब्बे बेपटरी होकर पलटे

एजेंसी

**अनूपपुर :** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा स्टेशन के पास शनिवार की देर रात कोयला लोडिंग के लिए जा रही मालगाड़ी के 3 डिब्बे अचानक पटरी से उतर कर पलट गए। घटना की जानकारी लगते ही रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक लाईन साफ कर यातायात रात में ही शुरू कर दिया। अभी राहत एवं बचाव कार्य चालू है। बेपटरी हुए डिब्बों को हटाने का काम किया जा रहा है।

**यह है पूरा मामला**

जानकारी के अनुसार जिले के कोतमा स्टेशन के पास शनिवार रात करीब 11:30 बजे गोविंदा सीडिंग के लिए जा रही कोयला



भरी मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई। हादसे में मालगाड़ी के 3 डिब्बे पूरी तरह पलट गए, जबकि चार अन्य डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा कोतमा स्टेशन से मात्र सौ मीटर की दूरी पर हुआ, जहां रात में ही लोगोका हुजूम लग गया। घटना की जानकारी पर रेलवे विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचीऔर राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर कुछ ही देर में एक लाईन से मलबा हटाते हुए प्रारंभ कर दिया। इस दौरान किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं हैं। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने बताया कि शनिवार की रात में मालगाड़ी डिरेल हो गई थी, मौके पर टीम पहुंचकर एक लाइन को क्लियर कराया, अभी कार्य जारी है शीघ्र ही पूरा कर यातायात सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। इसमें कोई जनहानि नहीं हैं।

## मध्य प्रदेश में भारी बारिश से राहत, हल्की बारिश का दौर जारी, कलियासोत-भदभदा डेम के गेट खुले

सितंबर के आखिरी सप्ताह तक ऐसा ही रहेगा मौसम

एजेंसी

**भोपाल, :** मध्य प्रदेश में हल्की बारिश का सिलसिला जारी है। लोकल सिस्टम की सक्रियता के चलते हल्की बारिश हो रही है। प्रदेश में रविवार को फिलहाल कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। प्रदेश में अभी दो सिस्टम एक्टिव है लेकिन वे स?ट्रांग नहीं है। कुछ जिलों में लोकल सिस्टम एक्टिव होने से बारिश हो रही है। आज रविवार को भी इसका असर देखने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी ट्रफ गुजर रही है। वहीं, पूर्वी हिस्से के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) भी एक्टिव है। हालांकि ये सिस?टम ज?यादा मजबूत नहीं है, जिस कारण भारी



बारिश से राहत मिली है। लेकिन कुछ जिलों में लोकल सिस्टम के एक्टिव होने से भी बारिश हो रही है। रविवार को भी इन सिस्टम का असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में पूरे प्रदेश में हल्की बारिश का यलो अलर्ट है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है।

शनिवार को भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 25 जिलों में बारिश हुई। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 1 इंच, नरसिंहपुर, शिवपुरी-खरगोन में आधा इंच पानी गिरा। भोपाल, शाजापुर, आगर-मालवा, सीहोर, देवास, राजगढ़, विदिशा, धार, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, रीवा, बालाघाट, बड़वानी, मऊगंज, गुना, डिंडौरी में भी बारिश हुई। बता दें कि प्रदेश में अब तक औसत 43.6 इंच बारिश हो चुकी है। वहीं, भोपाल के पास कोलार डैम के सीजन में पहली बार 2 गेट खुले। शनिवार को भोपाल के ही कलियासोत के 2 और भदभदा का भी एक गेट खुला। अब सिर्फ केरवा डैम ही ऐसा है, जिसके गेट नहीं खुले हैं।

## शिमला में नमो युवा मैराथन, नशे के खिलाफ जन आंदोलन का दिया संदेश

एजेंसी

**शिमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिमला में नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक आयोजित हुई। इस मैराथन को प्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहित चौहान और नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब तीन किलोमीटर की इस दौड़ में युवाओं के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देना रहा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित भी



किया गया। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नशा तेजी से फैल रहा है और इसे रोकने के लिए केवल कार्यक्रमों या भाषणों से काम नहीं चलेगा, बल्कि इसके खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वच्छता अभियान को लोगों ने बड़े स्तर पर अपनाया है, उसी तरह नशामुक्ति अभियान को भी आंदोलन का रूप देना जरूरी है।

प्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने कहा कि युवा गलत राह पर न जाएं, इसी उद्देश्य से इस तरह की मैराथन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ संदेश गली-मोहल्लों तक पहुंचे, इसके लिए इस तरह के प्रयास बेहद जरूरी हैं। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत इस मैराथन का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर किया गया। उन्होंने कहा कि दौड़ का मकसद युवाओं को नशे से दूर रखने, फिटनेस और अनुशासन को अपनाने के साथ प्रधानमंत्री मोदी के ₹2047 तक विकसित भारत₹ के संकल्प को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर सांसद सिकंदर कुमार सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रिज से चौड़ा मैदान तक आयोजित इस दौड़ में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला और युवाओं ने इसे नशामुक्ति के संकल्प का पर्व बना दिया।

### विधायक व डीएम ने आपदा प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण, पीड़ितों को सौंपे चेक

**टिहरी गढ़वाल :** धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और टिहरी गढ़वाल की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने रविवार सुभाष चंबा ब्लॉक के नागणी क्षेत्रांतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम गेहना एवं कुंड की सड़कों तथा ग्राम सभा बनाली के आपदा प्रभावित घरों का जायजा लिया गया। विधायक पंवार और जिलाधिकारी खण्डेलवाल को स्थानीय ग्रामीणों ने चार घरों के पुस्ता ढहने की जानकारी दी। इस पर विधायक और जिलाधिकारी की ओर से भादी देवी को राहत चेक दिया गया। स्थानीय लोगों की ओर से गांव का रास्ता ढहने एवं पानी की समस्या से अवगत कराया। आपदा में सोनी देवी का घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने पर मौके पर ही उनके पुत्र को राहत चेक प्रदान किया गया। साथ ही जिजली गांव की कौशल्या देवी के इलाज के लिए सीएमओ डॉ. श्याम विजय को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पशुओं के चारे की समस्या समाधान के लिए सीवीओ डॉ. डी.के. शर्मा को निर्देशित किया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दिवंगत जुबिन के खिलाफ अश्लील टिप्पणी के आरोप में एक गिरफ्तार

**होजाई :** होजाई जिले के डबका पुलिस ने असम के महान गायक के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गायक जुबीन गर्ग को लेकर सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में डबका पुलिस द्वारा माधव चंद्र दैमारी नामक एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवक द्वारा अश्लील टिप्पणी किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर इसका कड़ा विरोध हो रहा था। जिसके बाद पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को कड़ी से कड़ी से सजा दिए जाने की मांग जुबीन के प्रशंसकों द्वारा की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को सिंगापुर में जुबिन की मौत हो गई, जिसके बाद पूरे असम में शोक की लहर छायी हुई है। राज्य सरकार द्वारा राज्य में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ सिविल जज भर्ती परीक्षा आज , रायपुर जिले में बनाए गए 38 परीक्षा केन्द्र

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ सिविल जज (जूनियर डिवीजन) भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा आज रविवार को होगी। परीक्षा आज सुबह 10 बजे से एक पाली में आयोजित होगी, जो 12 बजे तक होगी। इसके लिए रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं रायपुर जिले में 38 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा 57 पदों पर भर्ती के लिए होगी। प्रारंभिक परीक्षा 100 अंकों की होगी, इसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। जवाब लिखने के लिए दो घंटे का समय अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। राजधानी रायपुर में सिविल जज परीक्षा के लिए 38 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 16,500 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### महालया पर ममता बनर्जी ने साझा किया स्वरचित पूजा गीत

**कोलकाता :** महालया के साथ ही आज रविवार से देवी पक्ष की शुरूआत हो गई है। पूरे बंगाल में मां दुर्गा की आराधना का माहौल बन गया है। इसी मौके पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ट्वीट कर लोगों को महालया की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लिखा– ह्लजागो दुर्गा, जागो दशप्रहरणधारिणी। तर्पण, आगमन और आवाहन में सभी को महालया की शुभकामनाएं।ह्व उन्होंने इस अवसर पर अपने ही लिखे और संगीतबद्ध किए नए पूजा गीत को भी लोगों के साथ साझा किया। महालया के दिन पारंपरिक रूप से गंगा स्नान और पितरों का तर्पण किया जाता है। इसके साथ ही दुर्गा पूजा के उत्सव की औपचारिक शुरूआत मानी जाती है। आज से ही घर-घर और पंडालों में मां दुर्गा की स्तुति और स्वागत गीत गूंजने लगे हैं। पूरे बंगाल में अब अगले दिनों तक भक्ति, संस्कृति और उत्सव का रंग छाए रहने वाला है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस गीत को साझा किया है, उसे उन्होंने खुद लिखा है और इंद्रनिल सेन ने उसे स्वर दिया है। इसमें मूल रूप से देवी दुर्गा की आराधना की गई है।

### महालया के साथ बंगाल में दुर्गोत्सव का शुभारंभ

**कोलकाता :** महालया के साथ ही रविवार से पितृपक्ष का समापन हो गया। इसके साथ ही पूरे पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की शुरूआत हो गई है। अमावस्या तिथि पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालु गंगा तटों पर जुटे और पितृ तर्पण कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कोलकाता के बाबू घाट, फेरी घाट, निमतला घाट समेत सभी प्रमुख घाटों पर स्नान और तर्पण के लिए भारी भीड़ उमड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों ने तिल, पुष्प और चावल के साथ पितरों का तर्पण कराया।

### बिरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज और देवी पक्ष की शुरूआत

महालया के दिन बंगाल में परंपरा के अनुसार सुबह पांच बजे आकाशवाणी पर बिरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज में महिषासुरमर्दिनी पाठ का प्रसारण हुआ। इसे सुनकर देवी पक्ष का शुभारंभ माना जाता है। इसी क्षण से श्रद्धालु मानते हैं कि मां दुर्गा स्वर्ग से धरती पर उतर आती हैं और अपने मायके पहुंचती हैं। इसके बाद पूरे राज्य में ढाक-ढोल, मंत्रोच्चार और दुर्गा स्तुति के साथ आराधना का वातावरण बन जाता है।

**पंडालों में उमंग और उल्लास**

कोलकाता समेत पूरे बंगाल के गांव-शहरों में दुर्गा पंडाल सजने लगे हैं। विशालकाय प्रतिमाओं की स्थापना का कार्य भी शुरू हो चुका है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि बंगाल की संस्कृति और कला का सबसे भव्य उत्सव है। भव्य पंडाल, शानदार लाइटिंग और अनूठे थीम को देखने न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया भर से लाखों लोग यहां पहुंचते हैं।

**मौसम ने बढ़ाई चिंता**

इधर, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूजा के दौरान बारिश खलल डाल सकती है। बंगाल की खाड़ी में बने नए निम्न दबाव और सक्रिय मौसमी हवाओं के चलते अगले बुधवार तक कई जगह भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। विभाग का अनुमान है कि दशहरे के पूरे दौरान छिटपुट बारिश होती रहेगी। इस वजह से पूजा आयोजक और श्रद्धालु दोनों ही चिंतित हैं।

### प्रदेशवासी एकजुटता के साथ नशामुक्ति का लें संकल्प- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति का आधार हैं जो समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहते हुए अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए दृढ इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करें। राज्य सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। शर्मा रविवार को सीकर के सांवली में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हजारों युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है इसलिए हम नशामुक्त रहते हुए परिवार और समाज को भी इस बुराई से दूर रखें। इस चुनौती से निपटने के लिए हम सबको एकजुट होकर नशामुक्ति अभियान से जुड़ने का संकल्प लेना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीकर की भूमि सदियों से संस्कारों, अध्यात्म और मानवीय मूल्यों की संवाहक रही है। स्वामी विवेकानंद भी शेखावाटी की पावन धरती पर आ चुके हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे खेत और कठोर परिश्रमी लोग राजस्थान का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा करने वाले वीर योद्धाओं और अन्नदाता किसानों की धरती है। यहां जन्मे संत-महात्माओं ने सदैव समाज को सत्य और धर्म का मार्ग दिखाया है।

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सामाजिक सरोकार के लिए कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ ही नशामुक्ति के लिए भी उन्होंने जनजागरूकता की अलख जगाई है। उनके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश में भी नशामुक्ति जैसे जन-जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# कुड़मी समाज ने खत्म किया आन्दोलन, एसडीओ को सौंपा मांग पत्र

## चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनूआ में 6 घंटे किया रेल चक्का जाम



अनिल कुमार

**चक्रधरपुरः** चक्र धरपुर रेल मंडल के सोनूआ में अपने तय कार्यक्रम के तहत कुड़मी समाज ने शनिवार दोपहर 11 बजे से रेल चक्का जाम किया। बड़ी संख्या में कुड़मी समाज ने रेल पटरी पर बैठकर रेल चक्का किया। शाम तकरीबन साढ़े चार बजे कुड़मी नेता अमित महतो के द्वारा चक्रधरपुर की एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी को समाज की और से एक मांग पत्र सौंपा गया. जिसमें कुड़मी समाज को एसटी का दर्जा देने कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने, रेल चक्का जाम में शामिल कुड़मी समाज के लोगों पर कानूनी कार्रवाई नहीं करने और ना ही उनसे जुरमाना वसूलने की कार्रवाई करने की मांग अमित महतो द्वारा की गयी। इस मांग पत्र को लेने के बाद रेल चक्का जाम कार्यक्रम को शाम 5 बजे खत्म कर दिया गया। एसडीओ ने कहा कि कुड़मी समाज की जो भी मांग है उसे सम्बंधित विभाग और मंत्रालय को भेजा जायेगा। जहां उनकी मांगों पर विचार किया जायेगा।

## चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनूआ और सीनी में कुड़मी समाज ने किया रेल चक्का जाम

### मंडल में दर्जन भर ट्रेनें स्टेशनों में फंसी, यात्री रहे परेशान







**चक्रधरपुरः** रेल मंडल के सोनूआ में रेल चक्का जाम शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में कुड़मी समाज ने रेल पटरी पर बैठकर रेल चक्का जाम कर दिया है। सोनुआ में यह रेल चक्का जाम दोपहर 11 बजे से शुरू हुआ है। जाम करने वालों में महिलाओं की भी अच्छी खासी संख्या है। जाम करने से पहले कुड़मी समाज के अगुआ नेता अमित महतो ने महुलडीहा मैदान में ग्राम देवता की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद रैली की शक्ल में महुलडीहा से सोनुआ रेलवे स्टेशन तक कुड़मी समाज के आंदोलनकारी शामिल हुए। इस दौरान पारंपरिक झंडा बैनर लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। सोनुआ स्टेशन पहुंचते ही कुड़मी समाज के लोगों ने पहले रेल पटरी को प्रणाम किया और उसके बाद रेल पटरी पर भारी संख्या में बैठकर रेल चक्का जाम कर दिया। इस रेल चक्का जाम से कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों में फंसी रह गई। रेल चक्का जाम को संबोधित करते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित महतो ने कहा कि कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने की समाज की 75 वर्ष पुरानी यह मांग है। समाज लगातार अपनी मांग को लेकर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार से गुहार लगा रही है। लेकिन उनकी मांगों पर कोई भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए मजबूरन उन्हें रेल पटरी पर बैठकर रेल चक्का जाम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका यह आंदोलन सांकेतिक है और यह अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम है अगर आने वाले समय में सरकार के द्वारा कुर्मी समाज को एसटी का दर्जा नहीं दिया गया और इस पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन और भी वृहत पैमाने पर चलाया जाएगा। जाम के कारण ट्रेनें प्रभावित होने से ट्रेनों में सवार हजारों यात्री परेशान रहे।

## ट्रीपल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता

# युवाओं को अनुशासन, टीम भावना व आत्मविश्वास सीखाता है खेल : नमन बिक्सल कोनगाड़ी

संवाददाता

**कोलेबिराः** प्रखंड अंतर्गत अघरमा पंचायत क्षेत्र के शिवनाथ पुर मैदान में युवा क्लब शिवनाथपुर द्वारा आयोजित वीर शहीद तेलंगा खड़िया 24 वां स्मृति चार दिवसीय ट्रीपल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन मैच भारी उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ।समापन मैच

केडी कंजोगा और नाइन ब्लेड के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों ही टीम 0-0 की बराबरी पर रही। निर्णय के लिए ट्राई ब्रेकर का सहारा लेना पड़ा जिसमें पेनल्टी शूटआउट में नाइन ब्लेड की टीम विजयी रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड कमेटी उपस्थित रहे। शिवनाथपुर महिला मंडल की दीदियों के द्वारा ढोल मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुए अतिथियों को मंच पर लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खेल आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा विधायक व सभी मंचासीन अतिथियों को फूल माला पहनाकर और स्वागत गान प्रस्तुत कर किया गया।खेल समिति के सदस्यों के द्वारा विधायक को शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।खेल का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को फ्री किक मार कर किया गया।



स्वागत समारोह के बाद विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने खेल आयोजन समिति,खिलाड़ियों और मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न सिर्फ स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह युवाओं को अनुशासन,टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है उन्होंने आयोजकों की मेहनत की प्रशंसा की और खिलाड़ियों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना को बनाए रखने की प्रेरणा दी।

विधायक श्री कोंगाड़ी ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि शिवनाथपुर खेल मैदान में स्टेज और मैदान का मरम्मत कराया जाएगा। वहीं लरबा से बरसलोया और लचरागढ़ रोड अंबाटोली से श्रीकोंडेकेरा तक कालीकरण सड़क का जीर्णोद्धार किया जाएगा। लरबा से लरबा डैम तक कालीकरण सड़क और लरबा डैम को पर्यटक स्थल रूप में विकसित करने से सेंसन हो चुका है उम्मीद है जल्द काम शुरू होगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता को हर सुख सुविधा मिले इसको लेकर मैं लगातार प्रयासरत हूं।

विधायक ने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में खेल का स्तर ऊँचा होगा और प्रतिभाशाली युवा आगे चलकर जिले तथा राज्य स्तर पर नाम रौशन कर सकते हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, क्लब कमिटी,कोच व अन्य सहयोगियों से अपील की कि वे खेलोन्मुखी सुविधाएँ और संसाधन बढ़ाएँ ताकि युवा खिलाड़ी बेहतर तैयारी कर सकें।

टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया और कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। आयोजन समिति ने विजेता टीमों को ट्रॉफी,मेडल और खस्सी प्रदान कर पुरस्कृत किया।इस अवसर पर युवा क्लब शिवनाथपुर समिति

संस्थापक योताम कुल्लू,अध्यक्ष मनोज डुंगडुंग,सचिव राशेल बघवार,कोषाध्यक्ष पीटर डुंगडुंग,समिति के सदस्य,खिलाड़ी,सांसद प्रतिनिधि सुनिल खड़िया,15 सूत्रीय प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम सदस्य क्लेमेंट टेटे,कोलेबिरा थाना के एस आई टिंकु कुमार वर्मा, कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,लुथर सुरिन,फुलकेरिया डांग,जोसेफ सोरेंग,अमृत डुंगडुंग,राकेश कोनगाड़ी,अनिल तिर्की,कंदरू नायक,निरज केरकेट्टा,महिमा केरकेट्टा,रेश्मा डांग,सुखमनी बागे,एरेन केरकेट्टा,सुमन गुड़िया,संतोष बा,कुलदीप केरकेट्टा,लुथर सुरिन,रवि गोप,विवेक साहू स्थानीय और अन्य गणमान्य नागरिक व्यापक रूप से उपस्थित रहे।

# जंगली हाथी की चपेट में आने से दो घायल, एडमिट

संवाददाता

**सिमडेगा :** प्रखंड , पंचायत टैंसेरा के चियारीकांनी गांव में विगत रात जंगली हाथी की चपेट में आने से श्रवण सिंह और लालू सिंह घायल हो गये। उक्त दोनों व्यक्तियों को सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। जिसकी सूचना मिलने पर समाज सेवी भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा सदर अस्पताल पहुंचे एवं दोनों व्यक्तियों का इलाज एवं सिटी स्किन कराने में सहयोग किया। तथा वन अधिकारी सिमडेगा रेंजर महोदय से फोन द्वारा सुचित कर तत्काल मुआवजे का आग्रह किया।

इसके उपरांत श्री बेसरा , छुरिटांगर गांव पहुंचे एवं प्रभावित लोगों से मुलाकात की। ग्रामीणों द्वारा श्री बेसरा को बताया गया कि शाम के करीब साढ़े छः बजे एक जंगली हाथी ने चियारी कानी , बड़का ड़ांड निवासी , समाजिक काम कर लौट रहे श्रवण सिंह और लालू सिंह से अचानक मुड़भेंट हो गया जिससे दोनों व्यक्ति को जंगली हाथी ने घायल कर दिया।



और मीणा देवी पति स्व विन्देश्वर सिंह तथा झलिया देवी पति बिसंभर सिंह के घर को जंगली हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया। झलिया देवी के घर में रखे गए गए चार बोरा चावल, एक बोरा गेहूं, दो चौकी, दो बक्सा आदि को नुकसान भी पहुंचाया।

क्षतिग्रस्त हुए उक्त दोनों महिलाओं ने श्री बेसरा से घर एवं मुआवजे की राशि की मांग की।

बेसरा ने मोबाइल के मार्फत सिमडेगा रेंजर महोदय से जंगली हाथी द्वार हुए नुकसान की जानकारी दिया एवं मुआवजा और क्षतिग्रस्त घर के लिए नया घर दिलाने की मांग की ।

मौके पर साथ में भाजपा सेवई मंडल महामंत्री कृष्णा मांझी, सतीश प्रसाद , रामनारायण बाधवार इत्यादि के साथ गांव के लोग उपस्थित थे।

## झारखंड जिमनास्टिक संघ आज करेगा खिलाड़ियों का चयन

**चक्रधरपुरः** झारखंड जिमनास्टिक संघ की ओर से 21 सितंबर को चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। इसमें चयनित खिलाड़ी इलाहाबाद में आयोजित होने वाली अंडर 14 एमजी और डब्ल्यू ए जी जिमनास्टिक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, यह चयन ट्रायल रेलवे जिमनास्टिक स्टेडियम, चक्रधरपुर में होगा । चयन प्रक्रिया सुबह 9:00 से शुरू होगा इस चैन ट्रायल में केवल झारखंड राज्य में जन्मे खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे, खिलाड़ियों को आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र और तीन फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा।

# पतंजलि परिवार के तत्वावधान में निशुल्क योग शिविर

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** पतंजलि परिवार युवा भारत हरिद्वार के तत्वावधान में बागी टंड पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार (सेवा मंडल) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ पूर्णकालिक योग शिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन ने महामृत्युंजय मंत्रोच्चारण के साथ किया। योगाचार्य सुषमा सुमन ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है। नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति फुतीर्ला रहता है, ऊर्जा प्राप्त करता है और निरोगी जीवन जी सकता है। वहीं कर्नल विजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स को योग से शारीरिक और मानसिक शक्ति मिलती है, जिससे वे और भी अनुशासित और ऊजार्वान बनते हैं। शिविर में योग गुरु प्रदीप कुमार सुमन ने प्राणायाम और आसनों का विस्तृत महत्व समझाते हुए बताया कि भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे तीन प्राणायाम भी यदि नियमित रूप से किए जाएं तो शरीर निरोगी रहता है और आलस्य दूर होता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि आज यह रोजगार का भी साधन बन चुका है। आयुष विभाग पूरे देश में योग शिक्षकों की बहाली कर रहा है और विदेशों में भी योग शिक्षकों की बड़ी मांग है। शिविर के दौरान सिंहासन और हास्यासन जैसे योगाभ्यास कराए गए।



## स्वच्छता ही सेवा-2025 : झुमरीतिलैया नगर परिषद का स्वच्छता महाअभियान शुरू

# 2 अक्टूबर को सफाई मित्रों को किया जाएगा सम्मानित

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरीतिलैयाः** राज्य शहरी विकास अभिकरण एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद झुमरीतिलैया द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2025 महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या 2 बिरहोर टोला में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर परिषद ने कई कार्यक्रम तय किए हैं जिनमें झ सार्वजनिक परिवहन केंद्र, मुख्य सड़कें व रेलवे पटरियों की सफाई, सामुदायिक शौचालयों का नवीनीकरण, स्कूलों में चित्रकला-निबंध प्रतियोगिता, सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर व पीपीई किट वितरण, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर रोकथाम, एक दिन, एक घंटा - एक साथ श्रमदान अभियान, स्वच्छता दौड़, मानव श्रृंखला, पर्यावरण-अनुकूल पूजा पंडाल प्रतियोगिता, पौधरोपण, वॉल पेंटिंग और धार्मिक स्थलों की सफाई प्रमुख हैं। नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हर नागरिक की सहभागिता से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा।ह्व वहीं नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाना है। नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने सामाजिक-धार्मिक संगठनों से इसमें सहयोग की अपील की।



## अवैध कारोबारियों पर जलडेगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 160 किलो गांजा, 6 गोवंशीय पशु और तीन वाहन समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता

**जलडेगाः** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा, छः पशु और तीन वाहन जब्त किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जलडेगा थाना में प्रेस मीट में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने बताया कि पुलिस अधिक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से गांजे की खेप और पशुओं की ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर अलग-अलग जगहों पर नाकेबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान जलडेगा थाना क्षेत्र गांगूटोली चौक से पांच सौ मीटर पुर्व तीन वाहनों को रोका गया, जिनमें पहले वाहन स्कार्पियो ओआर 02 बीएच 7500 में छः पशु ठुंस ठुंस कर लदा हुआ था। जिसका चालक को और उसके पिछे रेकी कर रहे वाहन जेएच05एएक्स7798 बेगन आर थी जिसमें से एक चालक को को गिरफ्तार किया गया वहीं तीसरी वाहन जेएच1एवी2097 महिन्द्रा वश्500हइ दो सौ मीटर पीछे गांजा लेकर आ रही थी पुलिस को देखकर गाड़ी में सवार सभी लोग गाड़ी लॉक कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हुए। जिसमें से गाडी के डीकी से पुलिस ने 158 पैकेट में 160 किलोग्राम गांजा जिसका निर्धारित मुल्य लगभग 80 लाख रूपए बताया गया को जब्त किया। वहीं मौके से दो लोग सनम अंसारी पिता अमीन अंसारी सिसई थाना क्षेत्र ग्राम सिसइ निवासी, एवं रिजवान खान पिता कुर्बान खान तापकरा थाना क्षेत्र ग्राम कोचा पाकर टोली निवासी को हिरासत में ले लिया गया। रिजवान खान ने सभी पशु तस्करी की बात को स्वीकारा है और सनम अंसारी अपने को चालक बता रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि गांजे की खेप दूसरे जिले में ले जाई जा रही थी और पशुओं की अवैध तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में और भी कई लोगों के नाम सामने आया है जिसपर जांच जारी है। जल्द ही उनलोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने कहा कि आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट सहित पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके। गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, इंस्पेक्टर जलडेगा अंचल रामानुज कुमार वर्मा, थाना प्रभारी जलडेगा जितेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी टी.टांगर रमेश कुमार झा, थाना प्रभारी बांसजोर ओपी विनय कुमार, एस आई जलडेगा थाना बिनोद कुमार राम, एस आई बांसजोर ओपी बुधवा मुण्डा, समेत जलडेगा थाना के सशस्त्र बल के 15 जवान शामील थे।